पाक्षिक
# क्रांतिरथ छत्तीसगढ़
सामाजिक क्रांति के पथ पर अग्रसर
Postal Regn No.C.G./RYP DN/65/2023-25
वर्ष - 22 ◆ अंक - 12 ◆ रायपुर 20 दिसंबर 2025 ◆ पृष्ठ - 16 ◆ मूल्य-5/- रुपया

### परम् पूज्य बाबा गुरु घासीदास जी की जयंती पर मानव सेवा का महाअभियान

## 'मनखे-मनखे एक समान' की भावना को साकार करता मेगा हेल्थ कैम्प - मुख्यमंत्री

### सेवा, समरसता और स्वास्थ्य का जीवंत संगम -विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने परम् पूज्य बाबा गुरु घासीदास जी की जयंती के पावन अवसर पर राजधानी रायपुर में मानव सेवा, सामाजिक समरसता और स्वास्थ्य जागरूकता के लिए आयुर्वेदिक कॉलेज परिसर में 18 से 22 दिसंबर तक आयोजित 5 दिवसीय निःशुल्क मेगा हेल्थ कैम्प 2025 का भव्य शुभारंभ किया।



मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने बाबा गुरु घासीदास जी की जयंती पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए अमन, चैन और समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि यह 5 दिवसीय निःशुल्क मेगा हेल्थ कैम्प हजारों लोगों के लिए स्वास्थ्य संजीवनी सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ अपने गठन के रजत जयंती वर्ष में प्रवेश कर चुका है और इन 25 वर्षों में स्वास्थ्य सहित सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संचालित आयुष्मान भारत योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि यह योजना अंतिम व्यक्ति तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएँ सुनिश्चित कर रही है। वहीं राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत गंभीर बीमारियों के उपचार हेतु 25 लाख तक की सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि हेल्थ इज वेल्थ केवल एक नारा नहीं, बल्कि जीवन को बचाने और संवारने का संकल्प है। मुख्यमंत्री ने विधायक श्री राजेश मूणत एवं उनकी पूरी टीम को इस विशाल आयोजन के लिए बधाई दी और कैम्प परिसर में विभिन्न जांच स्टालों का अवलोकन भी किया।



विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने इस अवसर पर कहा कि यह आयोजन मात्र एक स्वास्थ्य शिविर नहीं, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व और मानवीय करुणा की सशक्त अभिव्यक्ति है। बाबा गुरु घासीदास जी के सत्य, अहिंसा और समानता के संदेश से प्रेरित यह महाअभियान समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवा पहुँचाने का अनुकरणीय प्रयास है। उन्होंने बताया कि 100 से अधिक विशेषज्ञ चिकित्सकों की सहभागिता से यह कैम्प केवल प्राथमिक जांच तक सीमित नहीं, बल्कि अंतिम निदान एवं उपचार तक का समग्र समाधान प्रदान कर रहा है। डॉ. सिंह ने आयोजन की सुव्यवस्थित व्यवस्था और व्यापक प्रभाव की सराहना की।

**रायपुर में 5 दिवसीय निःशुल्क मेगा हेल्थ कैम्प प्रारंभ**

स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास जी की जयंती पर आयोजित यह स्वास्थ्य महाकुम्भ समाज के हर वर्ग के लिए अत्यंत लाभकारी है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ सहित पड़ोसी राज्यों से भी बड़ी संख्या में लोग इस कैम्प में स्वास्थ्य लाभ लेने पहुँचे हैं। जिन रोगियों का उपचार कैम्प में संभव नहीं होगा, उन्हें आयुष्मान कार्ड के माध्यम से संबद्ध संस्थानों में निःशुल्क इलाज उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं के निरंतर विस्तार की प्रतिबद्धता दोहराई।

## लाल किले में गूंजा 'छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया'



**रायपुर।** छत्तीसगढ राज्य के बिलासपुर जिले की सांस्कृतिक संस्था 'लोक श्रृंगार भारती' के गेड़ी लोक नृत्य दल द्वारा सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) व संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के आमंत्रण पर नई दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किला प्रांगण में गेड़ी नृत्य की प्रस्तुति दी गई। 7 से 13 दिसम्बर तक आयोजित अंतर्राष्ट्रीय समारोह में 180 देशों के प्रतिनिधियों की सहभागिता रहीं। समारोह में बिलासपुर के गेड़ी नर्तक दल ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अंतर्राष्ट्रीय मंच पर छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति को काफी सराहा गया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस गेडी नर्तक दल को बधाई और शुभकामनाएं दीं है समारोह का ऐतिहासिक क्षण तब आया जब भारत के महापर्व दीपावली को यूनेस्को द्वारा विश्व सांस्कृतिक धरोहर के रूप में मान्यता प्रदान की गई। इस उपलब्धि में छत्तीसगढ़ के गेड़ी लोक नृत्य दल की प्रस्तुति को विशेष सराहना मिली गेड़ी नृत्य की भावपूर्ण और साहसिक प्रस्तुति से केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत प्रभावित हुए। उन्होंने छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया कहकर कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

## शीतकालीन-सत्र...35,000 करोड़ का अनूपूरक बजट पेश

*वित मंत्री बोले-विकास को मिलेगी गति, कांग्रेस बोली-कर्ज में डूबता जा रहा छत्तीसगढ़, **BJP** विधायक ने राशनकार्ड पर घेरा*

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा के शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने सदन में 35,000 करोड़ का सप्लीमेंट्री बजट पेश किया। वित्तीय वर्ष खत्म होने से ठीक तीन महीने पहले पेश किए गए इस बड़े सप्लीमेंट्री बजट पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस हुई।



इस दौरान वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि इससे प्रदेश के विकास को गति मिलेगी। विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ के इतिहास का सबसे बड़ा अनुपूरक बजट है। राजस्व व्यय को बढ़ाने की शुरुआत पूर्ववर्ती भूपेश बघेल सरकार ने की थी। कांग्रेस सरकार ने धान खरीदी को राजनीतिक विषय बना दिया। वहीं कांग्रेस विधायक राघवेंद्र सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ लगातार कर्ज में डूबता जा रहा है। ऐसे में वित्तीय वर्ष के आखिरी तीन महीनों में 35 हजार करोड़ रुपए का अनुपूरक बजट क्यों लाया गया, यह समझ से परे है। इस बजट में कोई ठोस विजन नजर नहीं आता। राघवेंद्र सिंह ने कहा कि महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत एक हजार रुपए दिए जा रहे हैं, लेकिन बिजली बिल के नाम पर उससे ज्यादा राशि वसूली जा रही है। सरकार का फोकस काम से ज्यादा इवेंट मैनेजमेंट पर है। राघवेंद्र सिंह ने कहा कि नए पदों पर भर्ती, नियमितीकरण और किसानों को समय पर भुगतान जैसे वादे अब तक पूरे नहीं हुए हैं। सड़कों, धान, आदिवासी, किसान, युवा और महिलाओं के विकास के लिए स्पष्ट लक्ष्य तय कर काम करने की जरूरत बताई।

### सुशांत शुक्ला ने राशन कार्ड के मुद्दे पर खाद्य मंत्री को घेरा

इससे पहले भाजपा विधायक सुशांत शुक्ला ने APL से BPL राशन कार्ड परिवर्तन के मुद्दे पर खाद्य मंत्री को घेरा। सुशांत शुक्ला ने अपनी ही सरकार पर गलत जानकारी देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि एपीएल कार्ड डिलीट कर बीपीएल कार्ड बनाए गए। इस संबंध में FIR भी दर्ज हुई है। खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि कोई परिवर्तन नहीं हुआ। जांच में सिर्फ 19 राशन कार्ड में गड़बड़ी मिली, जिनमें से 4 मामलों में जोन क्रमांक-4 के जोन कमिश्नर की अनुशंसा पर कार्रवाई की गई है और जांच जारी है। सुशांत शुक्ला ने फिर आपत्ति जताई, जबकि पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने आधे घंटे की चर्चा की मांग की। विधायक इंद्र कुमार साहू ने जैतूसाव मठ की जमीन बेचे जाने का मामला उठाया।

# खोखली में शिवरतन शर्मा ने किया शहीद वीर नारायण सिंह की आदमकद प्रतिमा का अनावरण

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद वीर नारायण सिंह को उनके बलिदान दिवस पर ग्राम खोखली में याद किया गया। इस अवसर पर भाजपा छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा ने उनकी आदमकद प्रतिमा का अनावरण करते हुए प्रतिमा पर माल्यार्पण किया उक्त अवसर पर शिवरतन शर्मा ने उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र व समाज के नव निर्माण में आदिवासी समाज के अमर शहीदों एवं महापुरूषों का अद्वितीय योगदान है। उन्होंने कहा कि जब-जब राष्ट्र व समाज पर विपत्ति आई है तब तब आदिवासी समाज ने उनका डटकर मुकाबला कर विघटनकारी तत्वों को मुहतोड़ जवाब दिया है। शिवरतन शर्मा ने आदिवासियों के हितों के संरक्षण एवं देश-दुनिया में विशिष्ट पहचान दिलाने हेतु पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के योगदानों का उल्लेख किया। शिवरतन शर्मा ने भगवान बिरसा मुण्डा, शहीद वीर नारायण सिंह के अद्म्य वीरता, साहस एवं राष्ट्र भक्ति का उल्लेख करते हुए उसे अतुलनीय बताया। उन्होंने कहा कि वीर नारायण सिंह सोनाखान में जन्म लेने वाले एक बड़ी शख्सियत थे। जमींदार परिवार से होने के बाद भी उन्होंने आजादी को चुना और लड़ते-लड़ते शहीद हो गए। शहीद वीर नारायण सिंह ने अंग्रेजों के गोदाम से अनाज लूटकर गरीबों में बंटवा दिया था। शहीद वीर नारायण सिंह के विद्रोह को लेकर अंग्रेजों में खासी नाराजगी थी। अंग्रेज चाहते थे कि यह विद्रोह खत्म हो जाए और लोगों में भय पैदा हो। अंग्रेजों ने शहीद वीर नारायण को गिरफ्तार कर रायपुर के सेंट्रल जेल में बंद कर दिया। 10 दिसंबर 1857 को जयस्तंभ चौक पर अंग्रेजी सरकार ने शहीद वीर नारायण सिंह को फांसी दे दी थी। वे अन्याय के खिलाफ संघर्ष करते हुए शहीद हुए और उनका बलिदान पीढ़ियों तक लोगों को प्रेरित करता रहेगा। उपरोक्त मौके पर कल्याण छेदइहा, बंशी नेताम, मुरीत राम छेदइहा, ईशान वैष्णव, कृपा राम छेदइहा, नरेश मंडावी,आशीष कुमार चतुर्वेदी, प्रदीप अनंत, राजू यादव,बंशी राम यादव, भगवती पटेल,जहोरिक मरकाम, पुरुषोत्तम नेताम, पुहुपराम छेदइहा, कन्हैया छेदइहा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# "अनुभव, नेतृत्व और संगठन की नई ऊर्जा"





**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा के पूर्व महामंत्री श्री संजय श्रीवास्तव ने आज दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के मुख्यालय पहुँचकर श्री नितिन नबीन जी से सौजन्य भेंट की एवं उन्हें भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष का दायित्व ग्रहण करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि अपने संगठनात्मक अनुभव, दूरदर्शी नेतृत्व और जनसेवा की भावना से श्री नितिन नबीन जी पार्टी की विचारधारा एवं माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के हर वर्ग तक पहुँचाने का कार्य करेंगे तथा भाजपा संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करेंगे। उन्होंने छत्तीसगढ़ के सह-प्रभारी एवं प्रभारी के रूप में श्री नितिन नबीन जी की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि उनके कुशल नेतृत्व और सटीक रणनीति के परिणामस्वरूप राज्य में भाजपा को ऐतिहासिक जनादेश प्राप्त हुआ। श्री संजय श्रीवास्तव ने विश्वास व्यक्त किया कि श्री नितिन नबीन जी के मार्गदर्शन में भाजपा और अधिक सशक्त होकर नई ऊँचाइयों को स्पर्श करेगी।

# ग्रामीण क्षेत्रों में घर- घर कचरा कलेक्शन और यूजर चार्ज की होगी वसूली




ब्यूरो चीफ रतन कुमार/

**दुर्ग।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर कचरा कलेक्शन और यूजर चार्ज वसूली किया जाएगा। इसके लिए कलेक्टर अभिजीत सिंह ने बुधवार को निर्देश जारी किया है। जानकारी के मुताबिक समस्त 381 गांवों को ओडीएफ प्लस मॉडल घोषित किया जा चुका है। सभी का सत्यापन भी पूरा हो चुका है। जनपद पंचायत के एक गांव में एमआईएस की तकनीकी समस्या के कारण इंट्री नहीं हो पाई है।

कलेक्टर ने निर्देश दिया है कि मॉडल गांवों का हर छह महीने में सत्यापन किया जाए। स्वच्छता ग्राही समूह को नियमित रूप से मानदेय का भुगतान किया जाए। अगले 15 दिन के अंदर जिन ग्राम पंचायतों में स्वच्छताग्राहियों को मानदेय नहीं मिला है, उन्हें भुगतान करना होगा। मेड़ेसरा गांव के महतारी सदन में निर्माणाधीन शौचालय निर्माण कार्य पूरा करने का निर्देश दिया गया। पीएम आवास योजना के तहत निर्मित शौचालयों का नए सिरे से सत्यापन कराना होगा। बड़े कार्यक्रम और आयोजनों में बर्तन बैंक का उपयोग किया जाए,जससे प्लास्टिक के उपयोग पर रोक लगाई जा सके। ग्रामीण क्षेत्रों में डी-स्लज वाहनों के उपयोग को बढ़ाया जाए। इसके लिए जागरुकता अभियान चलाया जाए।

# खेलः ऊंची कूद बालिका वर्ग में डिंपल और बालक वर्ग में लवकुश विजेता रहे



ब्यूरो चीफ रतन कुमार

**अंडा।** दो दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता का समापन शैलदेवी कॉलेज अंडा में किया गया। चेयरमैन राजन कुमार दुबे ने विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों व टीमों को मेडल एवं शील्ड प्रदान किया। प्रतियोगिता के द्वितीय दिवस पर विद्यार्थियों ने विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट कौशल का प्रदर्शन किया। रस्साकड्डी महिला वर्ग में तनूजा ग्रुप विजेता एवं कोनलिका ग्रुप उपविजेता रही। जबकि बालक वर्ग में बीएड प्रथम सेमेस्टर विजेता तथा बीएससी द्वितीय वर्ष उपविजेता रहा।

बैडमिंटन बालिका वर्ग में भावना ने प्रथम एवं पूर्वी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन बालक वर्ग में पंकज विजेता, डेमन उपविजेता तथा लव कुमार तृतीय स्थान पर रहे। लंबी कूद में बालक वर्ग में लीलाधर तथा बालिका वर्ग में डिंपल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। ऊंची कूद में बालिका वर्ग में डिंपल एवं बालक वर्ग में लवकुश विजेता रहे।

100 मीटर दौड़ में बालक वर्ग में शेषनारायण तथा बालिका वर्ग में देविका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वालीबॉल बालक वर्ग में बीएससी, बीएड तृतीय वर्ष की टीम विजेता तथा एमकाम प्रथम सेमेस्टर उपविजेता रही। वहीं वॉलीबॉल बालिका वर्ग में बीएससी चतुर्थ वर्ष विजेता एवं द्वितीय वर्ष उपविजेता रही। खो-खो बालक वर्ग में आईटीआई टीम विजेता एवं बीएससी, डीएड तृतीय वर्ष उपविजेता रही। भाला फेंक में बालिका वर्ग में खिलेश्वरी तथा बालक वर्ग में त्रिलोकीनाथ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कबड्डी व शतरंज सहित अन्य प्रतियोगिता हुई।

# वीआईपी दर्शन पर सुप्रीम आदेश, निर्णय केंद्र करे

ये एक जगह नही है, श्रद्धालु को इस समस्या से अधिकांश जगह रूबरू होना पड़ता है। जगह-जगह मंदिरों में इस समस्या का सामना होता है। लगभग 40 साल पहले हम कोलकत्ता गए। कालिका जी मंदिर में हम श्रद्धालुओं की लाइन में लगे थे कि हमारे एक साथी ने देखा और हमें इशारा कर अपने पास बुला लिया।



सुप्रीम कोर्ट ने मंदिरों में वीआईपी दर्शन सुविधा को चुनौती देने वाली याचिका भले ही खारिज कर दी, किंतु इस याचिका पर कोर्ट द्वारा कही गई बातों की गूंज दूर तक जाएगी। यह गूंज केंद्र सरकार को विवश करेगी कि वह मंदिरों में हाने वाले वीवीआईपी दर्शन पर रोक लगाने वाला निर्णय लें। कोर्ट की ये गूंज आने वाले समय में मंदिरों के वीवीआईपी दर्शन कर रोक लगाने का रास्ता प्रशस्त करेगी। पूर्व मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि यह एक नीतिगत मामला है। इस पर केंद्र सरकार को विचार करना होगा। बेंच ने यह भी कहा कि वीआईपी के लिए ऐसा विशेष व्यवहार मनमाना है। यह याचिका मंदिरों की तरफ से वसूले जाने वाले वीआईपी दर्शन शुल्क को समाप्त करने की मांग कर रही थी। पूर्व मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि बेंच इस मुद्दे से सहमत है, लेकिन अनुच्छेद 32 के तहत निर्देश जारी नहीं कर सकती। उन्होंने कहा, हालांकि हमारी राय है कि मंदिरों में प्रवेश के संबंध में कोई विशेष व्यवहार नहीं किया जाना चाहिए, लेकिन हमें नहीं लगता कि यह अनुच्छेद 32 के तहत अधिकार क्षेत्र का प्रयोग करने का उपयुक्त मामला है। यह आदेश में दर्ज किया गया लेकिन मामला सरकार के विचार के लिए छोड़ दिया गया। पूर्व CJI खन्ना ने कहा कि यह मामला कानून-व्यवस्था का प्रतीत होता है और याचिका इस पहलू पर होनी चाहिए थी। बेंच ने कहा, हम स्पष्ट करते हैं कि याचिका खारिज होने से संबंधित अधिकारियों को जरूरत के हिसाब से कार्रवाई करने से नहीं रोका जाएगा।

याचिकाकर्ता के वकील ने कहा, आज 12 ज्योतिर्लिंग और शक्तिपीठ इस प्रैक्टिस को फॉलो करते हैं। ये मनमाना और भेदभाव वाला है। यहां तक कि गृह मंत्रालय ने भी आंध्र प्रदेश से इसकी समीक्षा करने को कहा है। चूंकि, भारत में 60 प्रतिशत पर्यटन धार्मिक है, इसलिए ये भगदड़ की प्रमुख वजह भी है। सुप्रीम कोर्ट में ये याचिका विजय किशोर गोस्वामी ने डाली थी। उन्होंने मंदिरों में अतिरिक्त शुल्क लेकर वीआईपी दर्शन के चलन को आर्टिकल 14 के तहत समानता के अधिकार और आर्टिकल 21 के तहत व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन बताया। उन्होंने दलील दी कि जो लोग इस तरह का शुल्क अदा करने में असमर्थ हैं, ये उनके खिलाफ भेदभाव है। याचिका में जोर देकर कहा गया था कि कई मंदिर 400 से 500 रुपये में लोगों के लिए विशेष दर्शन की व्यवस्था करते हैं। इससे आम श्रद्धालु और खासकर महिलाएं, स्पेशली एबल्ड लोग और सीनियर सिटिजंस को दर्शन में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। यह मामला देश भर के मंदिरों में आम लोगों और वीआईपी के बीच भेदभाव के मुद्दे को उठाता है। वीआईपी दर्शन की सुविधा से आम लोगों को लंबी कतारों में इंतजार करना पड़ता है, जबकि वीआईपी आसानी से दर्शन कर लेते हैं। ये एक जगह नही है, श्रद्धालु को इस समस्या से अधिकांश जगह रूबरू होना पड़ता है। जगह- जगह मंदिरों में इस समस्या का सामना होता है। लगभग 40 साल पहले हम कोलकाता गए। कालिका जी मंदिर में हम श्रद्धालुओं की लाइन में लगे थे कि हमारे एक साथी ने देखा और हमें इशारा कर अपने पास बुला लिया। यहां पुजारी पांच रूपया प्रति व्यक्ति लेकर सीधे दर्शन करा रहे थे। अभी वेट द्वारिका जाना हुआ। हम परिवार के छह सदस्य थे। एक पंडित जी ने हमसे पांच सौ रूपये लिए। अलग लाइन से हमें आराम से दर्शन कराए। भीड़-भाड़ भी बची। वैसे दर्शन में दो से तीन घंटे लगते पांच सौ रूपये में आधा घंटा में दर्शन कर मंदिर से बाहर आ गए। करीब दस साल पहले हम गुजरात में अम्बा जी गए थे। दर्शन की लाइन में लगे थे कि कर्मचारियों ने यह कह कर हमके रोक दिया कि दर्शन का समय समाप्त हो गया, जबकि कुछ अन्य को लगातार प्रदेश दिया जा रहा। किसी तरह हम अन्यों वाली पंक्ति में शामिल हुए। तब दर्शन हुए। दर्शन भी बड़े आराम से हुए। काफी समय हम मंदिर में रूके, जबकि ऐसा पहले संभव नही था। इस तरह का भेदभाव हमें कई जगह देखने को मिला। उज्जैन में तो आप पंडित को पांच सौ के आसपास रूपये दीजिए। वह मंदिर के गर्भ गृह में ले जाकर पूजन अर्चन कराते हैं। जो ये रकम नही देते वे गर्भगृह के बाहर ही दूर से दर्शन कर तृप्त हो जाते हैं।

**अशोक मधुप... साभार... प्रभासाक्षी**

# अमीरी की जीवनशैली, प्रदूषण का बोझ और गरीब की त्रासदी



**अब समय आ गया है कि सरकार और जनता-दोनों अपनी भूमिका ईमानदारी से निभाएं। सरकार को सार्वजनिक परिवहन को मजबूत, सस्ता और आकर्षक बनाना होगा, उद्योगों पर पर्यावरणीय नियमों का कड़ाई से पालन कराना होगा और शहरी विकास की नीतियों को पर्यावरण-संवेदनशील बनाना होगा।**

देश की राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली आज जिस घातक पर्यावरण संकट से गुजर रही है, वह केवल एक शहर की समस्या नहीं, बल्कि पूरे देश के लिये चेतावनी है। विडंबना यह है कि इस संकट के नाम पर जो तात्कालिक उपाय लागू किए जाते हैं, उनका सबसे बड़ा खामियाजा वही तबका भुगतता है, जिसकी इसमें सबसे कम भूमिका होती है-गरीब और श्रमिक वर्ग। इसी पीड़ा को शब्द देते हुए सुप्रीम कोर्ट को कहना पड़ा कि अमीरों की जीवनशैली से पैदा हुई मुश्किलों का सामना गरीबों को करना पड़ता है। यह टिप्पणी न केवल कानूनी दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि सामाजिक और नैतिक चेतना को झकझोरने वाली भी है। दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम. पंचोली की पीठ ने यह मर्मस्पर्शी टिप्पणी की। वरिष्ठ अधिवक्ता और न्यायमित्र अपराजिता सिंह की दलीलों पर गौर करते हुए अदालत ने स्पष्ट कहा कि ग्रैप-4 जैसी सख्त पाबंदियों का सबसे ज्यादा असर गरीबों पर पड़ता है। निर्माण कार्य रुकते हैं, दिहाड़ी मजदूरों की रोजी-रोटी ठप हो जाती है, जबकि प्रदूषण पैदा करने वाली जीवनशैली में शामिल संपन्न तबके पर अपेक्षित प्रभाव नहीं पड़ता। मुख्य न्यायाधीश ने साफ शब्दों में कहा कि समस्या की जड़ अमीरों की जीवनशैली है और समाधान भी वहीं से शुरू होना चाहिए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि अदालत ऐसे प्रभावी और लागू करने योग्य आदेश पारित करेगी, जिन्हें जरूरत पड़ने पर सख्ती से लागू भी किया जा सकेगा। जस्टिस सूर्यकांत का कहना था कि महानगरों में लोगों की अपनी अलग जीवनशैली होती है, जिन्हें वे बदलना नहीं चाहते। यही वजह है कि समस्या अमीरी की वजह से होती है, लेकिन झेलना गरीब को पड़ता है। दरअसल, अदालत की सोच रही है कि हमारा परिवेश-पर्यावरण साफ-सुथरा रहे, इसके लिये हम सबको अपने कुछ सुखों का त्याग करना होगा, अपने जीवन को पर्यावरण के अनुकूल ढालना होगा एवं प्रकृति-एवं पर्यावरण के प्रति सकारात्मक रवैया अपना होगा। यह जानते हुए कि पर्यावरण पर आने वाले संकट व प्रदूषित हवा का अमीर-गरीब पर समान असर पड़ता है फिर भी अमीर लोग इससे बेपरवाह रहते हैं। निस्संदेह, शीर्ष अदालत ने समाज की दुखती रग पर हाथ रखा है। चौड़ी होती सड़कें, नए फ्लाईओवर और हाईवे बनने के बावजूद जाम और प्रदूषण कम नहीं हो रहे। कारण साफ है निजी वाहनों का बेहिसाब इस्तेमाल। एक व्यक्ति, एक कार का चलन न केवल सड़क की जगह घेरता है, बल्कि कार्बन उत्सर्जन को भी कई गुना बढ़ाता है। कभी ऑड-इवन जैसी योजनाओं पर चर्चा हुई, कार-पूलिंग की बात चली, लेकिन सार्वजनिक परिवहन को सस्ता, सुगम और भरोसेमंद बनाने की इच्छाशक्ति लगातार कमजोर रही। आज एसी, कूलर और अन्य वातानुकूलन साधनों का बढ़ता उपयोग भी पर्यावरण संकट को गहराता जा रहा है। इससे बिजली की खपत बढ़ती है, तापमान में वृद्धि होती है और अप्रत्यक्ष रूप से प्रदूषण का दायरा फैलता है। उद्योगों में भी पर्यावरणीय नियमों का ईमानदार पालन नहीं होता। जल संकट इसका एक और क्रूर उदाहरण है-जहां झुग्गी-बस्तियों में पीने के पानी की किल्लत है, वहीं पॉश कॉलोनियों में लॉन सींचे जाते हैं, कारें धुलती हैं और स्विमिंग पूल भरे रहते हैं। कुदरत ने हवा, पानी और संसाधन सभी के लिये दिए हैं, लेकिन अमीरी के असमान दखल ने इनके वितरण को अन्यायपूर्ण बना दिया है। राजनीतिक दल एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप तो करते हैं, लेकिन ठोस और दीर्घकालिक समाधान सामने नहीं आते। अब समय आ गया है कि सरकार और जनता-दोनों अपनी भूमिका ईमानदारी से निभाएं। सरकार को सार्वजनिक परिवहन को मजबूत, सस्ता और आकर्षक बनाना होगा, उद्योगों पर पर्यावरणीय नियमों का कड़ाई से पालन कराना होगा और शहरी विकास की नीतियों को पर्यावरण-संवेदनशील बनाना होगा। वहीं जनता को भी अपनी जीवनशैली पर पुनर्विचार करना होगा-अनावश्यक वाहन उपयोग से बचना, ऊर्जा की खपत कम करना, एसी और अन्य सुविधाओं का संयमित इस्तेमाल करना और साझा संसाधनों के प्रति जिम्मेदार व्यवहार अपनाना होगा। विडंबना यह है कि सत्ताधीशों ने दिल्ली में सार्वजनिक ट्रांसपोर्ट को सशक्त करने को प्राथमिकता नहीं दी। यदि सार्वजनिक परिवहन सस्ता व सहज उपलब्ध होता तो शायद सड़कों पर कारों का दबाव कम होता। हाल के दिनों में संपन्न व मध्यम वर्ग में एसी व अन्य वातानुकूलन उपायों के उपयोग का प्रचलन तेजी से बढ़ा है। इससे जहां प्रदूषण बढ़ाने वाली बिजली की खपत बढ़ी है, वहीं बाहर का तापमान व कार्बन उत्सर्जन भी बढ़ा है। इसी तरह तमाम अमीरों द्वारा संचालित उद्योगों में उन उपायों का ईमानदारी से पालन नहीं किया गया जो पर्यावरण में प्रदूषण कम करने में सहायक होते हैं।

सरकारों की नीतिगत विफलता इस बढ़ते वायु प्रदूषण की त्रासदी का बड़ा कारण है। प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए योजनाएं तो बनती हैं, पर उनमें न तो स्थायित्व होता है, न गंभीरता। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड संसाधनों की कमी से जूझ रहे हैं, निगरानी तंत्र कमजोर है, और प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों पर कार्रवाई नगण्य है। केंद्र और राज्य सरकारों के बीच जिम्मेदारी का बंटवारा अस्पष्ट है। हर साल सर्दियों में दिल्ली और उत्तर भारत के अन्य शहरों की हवा जहरीली हो जाती है, तब कुछ दिन के लिए 'आपात कदम' उठाए जाते हैं, पर जैसे ही धुंध छंटती है, सब कुछ फिर पहले जैसा हो जाता है।



ललित गर्ग

# महाविद्यालय में ब्लॉक स्तरीय एक दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

ब्यूरो चीफ : रतन कुमार

**बालोद/ गुरुर** शासकीय महाविद्यालय गुरुर में मेरा युवा भारत बालोद के परिप्रेक्ष्य में, एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसका मुख्य उद्देश्य युवाओं को एक मंच प्रदान करना था । कार्यक्रम का शुभारंभ जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री नंदकिशोर शर्मा एवं महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.के.एल.रावटे ने मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के तैल चित्र पर पूजन अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

नंदकिशोर शर्मा ने खेल के महत्व एवं उनसे होने वाले लाभ के बारे में बताया साथ ही स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला।

खेल का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. के. एल. रावटे और नंदकिशोर शर्मा व अन्य प्रोफेसरों के द्वारा गोला फेक से प्रारंभ हुआ।कुछ समय पश्चात् जिला संगठक डॉ .लीना साहू राष्ट्रीय सेवा योजना हेमचंद विश्वविद्यालय दुर्ग का आगमन हुआ जिन्होंने अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े योजनाओं व उनसे होने वाले लाभ के बारे में छात्र-छात्राओं को अवगत कराया मुख्य खेल बालक वर्ग में गोला फेक, 200 मीटर दौड़, कबड्डी एवं बालिका वर्ग में गोला फेक, तवा फेक, 100 मीटर दौड़ ,रस्सा खींची का आयोजन किया गया। विजेताओं में बालक वर्ग से गोला फेक में नीरज ने प्रथम स्थान,आकाश ठाकुर ने द्वितीय स्थान,मयंक सिन्हा ने तृतीय स्थान , 200 मीटर दौड़ में मयंक ने प्रथम स्थान,मयंक सिन्हा ने द्वितीय स्थान, करण ने साहू तृतीय स्थान,कबड्डी में नीरज एवं साथी ने प्रथम स्थान, अमित एवं साथी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया । इसी तरह से बालिका वर्ग में तवा फेक में नेहा ढीमर ने प्रथम स्थान,पूर्णिमा ने द्वितीय स्थान, लेमिका यादव ने तृतीय स्थान , 100 दौड़ में कविता ने प्रथम स्थान, पूर्णिमा ने द्वितीय स्थान , नेहा ढीमर ने तृतीय स्थान,रस्सा खींची में रेणुका एवं साथी ने प्रथम स्थान, कविता एवं साथी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी बीच संचारी बालोद की विधायिका श्रीमती संगीता सिन्हा जी का आगमन हुआ स्वागत सत्कार के पश्चात् श्रीमती संगीता सिन्हा जी ने अपने उद्बोधन में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को जीवन में खेल के महत्व बताते हुए कहा कि खेल से ही शारीरिक एवं मानसिक विकास संभव है।

सभी को आत्मनिर्भर बनने पर जोर दिया गया।कार्यक्रम के समापन में उपस्थित जनपद पंचायत गुरुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.केएल रावटे के कर कमलों द्वारा सभी विजेताओं को शील्ड एवं पुरस्कार प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ.योगेंद्र कुमार धुर्वे के द्वारा किया गया एवं आभार प्रकट प्रो. जी.एस.देवांगन के द्वारा किया गया।

इस ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का सफल आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के प्रभारी प्रोफेसर जी.एस. देवांगन के निर्देशन में डॉ. मोहन कुमार साहू , सुश्री सुमन साहू, हेमेंद्र चौधरी (खेल सहयोगी), तोरन सिन्हा खेल प्रशिक्षक,कौशल गजेंद्र का विशेष योगदान रहा। इस एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक गण उपस्थित रहे जिसमें प्रो. एल.के. हिरवानी, प्रो. डी. के. रात्रे, प्रो. डी.के. बरसेल, प्रो. टी .एस. साहू, प्रो. आर.के.सोरी, प्रो. योगेश साहू, प्रो. प्रेमचंद साहू, डॉ. नाजमा बेगम, प्रो. हितेश राठौर, सुश्री टीना देवांगन,दीपिका साहू,सीमा साहू,कमला कुरेटी,साथ में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक एवं महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं का विशेष सहयोग रहा ।
















# अफीम व डोडा चूरा के साथ आरोपी गिरफ्तार, 1.81 लाख का माल जब्त

## ऑपरेशन विश्वास के तहत पुलगांव पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**ब्यूरो चीफ : रतन कुमार**



दुर्ग। नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ दुर्ग पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन विश्वास अभियान के तहत थाना पुलगांव पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने अफीम एवं डोडा चूरा की अवैध बिक्री करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से जीप वाहन सहित कुल 1 लाख 81 हजार 500 रुपये मूल्य का मशरूका जब्त किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 14 दिसंबर 2025 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि अंजोरा क्षेत्र में शिवनाथ नदी ब्रिज के नीचे, ग्राम महमरा स्थित कैफेटेरिया के सामने एक व्यक्ति जीप में मादक पदार्थ रखकर लोगों को बेच रहा है। सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी कर आरोपी को रंगे हाथों पकड़ लिया।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान सुरेन्द्र सिंह पिता सिंघाड़ा सिंह (76 वर्ष) निवासी ग्राम चिखली, चौकी जेवरा सिरसा, थाना पुलगांव जिला दुर्ग, वर्तमान पता कादंबरी नगर सरस्वती स्कूल के पास, थाना मोहननगर जिला दुर्ग के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 3.869 किलोग्राम डोडा चूरा, 57 ग्राम अफीम, इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन, जीप क्रमांक CG-07 ZD 9956, मोबाइल फोन तथा नकद राशि बरामद की गई।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि मादक पदार्थ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा हाईवे तक पहुंचाया जाता था, जिसे चिल्हर में ट्रक चालकों को बेचा जाता था। पुलिस द्वारा सप्लाई चैन को ध्वस्त करने के लिए आगे की जांच की जा रही है।


पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 637/25 के तहत धारा 18(ख), 15(ख), 27(क) एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।


इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी अंजोरा उप निरीक्षक खेलन सिंह साहू एवं उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। दुर्ग पुलिस ने स्पष्ट किया है कि नशे के अवैध कारोबार के विरुद्ध इस तरह की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

# राजनांदगांव बायपास बना डीजल चोरों का अड्डा, 70 हजार का डीजल चोरी, पुलिस की उदासीनता पर उठे सवाल

विशेष प्रतिनिधि द्वारा








**राजनांदगांव।** राजनांदगांव बायपास क्षेत्र में डीजल चोरी की घटनाएँ लगातार बढ़ती जा रही हैं। ताज़ा मामले में बायपास पर खड़ी दो गाड़ियों से लगभग 70,000 मूल्य का डीजल चोरी कर लिया गया, जिससे वाहन मालिकों में भारी आक्रोश और भय का माहौल है।

सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि ऐसी घटनाएँ नई नहीं हैं। आए दिन राजनांदगांव बायपास पर खड़ी ट्रकों और भारी वाहनों से डीजल चोरी की खबरें सामने आती रहती हैं, लेकिन स्थानीय पुलिस प्रशासन की निष्क्रियता के कारण चोरों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं।

पीड़ित वाहन मालिकों का आरोप है कि एफआईआर दर्ज कराने में भी पुलिस टालमटोल और कोताही बरत रही है। शिकायत करने के बावजूद ठोस कार्रवाई नहीं होती, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के ट्रांसपोर्टर मानसिक व आर्थिक रूप से टूटते जा रहे हैं।

स्थानीय लोगों का यह भी कहना है कि बायपास क्षेत्र में अवैध ढाबे और दुकानें खुल गई हैं, जहाँ चोरी के डीजल की खपत या बिक्री को खुला संरक्षण मिल रहा है। यह स्थिति न केवल कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है, बल्कि अपराध को सीधे बढ़ावा देने जैसा है।

ट्रांसपोर्ट व्यवसाय से जुड़े लोगों का कहना है कि पहले ही महंगे डीजल, टोल टैक्स और आर्थिक दबाव से जूझ रहे वाहन मालिकों के लिए ऐसी चोरी कमर तोड़ देने वाली साबित हो रही है। प्रशासन की चुप्पी से ऐसा प्रतीत होता है कि सामाजिक असामाजिक तत्वों को मौन सहमति मिली हुई है।

अब सवाल यह है कि कब तक बायपास क्षेत्र चोरों का सुरक्षित ठिकाना बना रहेगा? कब पुलिस प्रशासन नींद से जागेगा? कब अवैध दुकानों और ढाबों पर कार्रवाई होगी?

यदि शीघ्र ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो राजनांदगांव बायपास पर अपराध का यह सिलसिला और भयावह रूप ले सकता है। जरूरत है कि पुलिस प्रशासन तत्काल संज्ञान लेकर नियमित पेट्रोलिंग, सीसीटीवी निगरानी और अवैध दुकानों पर कड़ी कार्रवाई करे, ताकि वाहन मालिकों को सुरक्षा का भरोसा मिल सके।



# डर नहीं, विज्ञान बोलता है गर्भावस्था में व्यायाम ज़रूरी



लेखिका - **डॉ. शुभी ताम्रकार,**
MBBS, MD
(लाइफस्टाइल मेडिसिन) योग एवं
पोषण विशेषज्ञ



गर्भावस्था को हमारे समाज में अक्सर पूरे आराम की अवस्था मान लिया जाता है। पीढ़ियों से महिलाओं को यह सलाह दी जाती रही है कि ज़्यादा चलना-फिरना ठीक नहीं, वजन उठाना मना है और व्यायाम से दूरी बनाए रखना ही सुरक्षित है। यह सलाह भले ही प्रेम और चिंता से दी गई हो, लेकिन आज का चिकित्सा विज्ञान इससे अलग बात कहता है।

आधुनिक शोध स्पष्ट रूप से बताते हैं कि गर्भावस्था में नियमित, सुरक्षित और वैज्ञानिक ढंग से किया गया व्यायाम माँ और शिशु—दोनों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी है।

इसी कारण अमेरिकन कॉलेज ऑफ ऑब्स्टेट्रिशियन एंड गायनेकोलॉजिस्ट (ACOG), विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) और अमेरिकन कॉलेज ऑफ स्पोर्ट्स मेडिसिन गर्भावस्था के दौरान व्यायाम की सिफारिश करते हैं।

## गर्भावस्था: स्वस्थ आदतों को अपनाने का सही समय

गर्भावस्था ऐसा समय होता है जब महिलाएँ अपने और अपने होने वाले बच्चे के स्वास्थ्य को लेकर अधिक सजग होती हैं। इस दौरान नियमित डॉक्टर विज़िट होती हैं और सही मार्गदर्शन मिलने पर महिलाएँ अपनी जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव आसानी से अपना लेती हैं।

इसके विपरीत, शारीरिक निष्क्रियता आज दुनिया में असमय मृत्यु का चौथा सबसे बड़ा कारण मानी जाती है। गर्भावस्था में निष्क्रिय रहने से गर्भकालीन मधुमेह, उच्च रक्तचाप, अत्यधिक वजन बढ़ना और सिजेरियन डिलीवरी का खतरा बढ़ जाता है।

क्या गर्भावस्था में व्यायाम सुरक्षित है?

इसका उत्तर स्पष्ट है—हाँ।

सामान्य और बिना जटिलताओं वाली गर्भावस्था में व्यायाम सुरक्षित ही नहीं, बल्कि आवश्यक है। वैज्ञानिक अध्ययनों में यह सिद्ध हो चुका है कि सही तरीके से किया गया व्यायाम न तो गर्भपात का खतरा बढ़ाता है और न ही समयपूर्व प्रसव का।

## ACOG के अनुसार

सामान्य गर्भावस्था में महिलाओं को एरोबिक और स्ट्रेंथ एक्सरसाइज़ करनी चाहिए

केवल सावधानी के नाम पर गतिविधि रोकना या बेड रेस्ट देना सही नहीं है

जिन महिलाओं को चिकित्सकीय जटिलताएँ हों, उनके लिए व्यायाम को व्यक्तिगत रूप से तय किया जाना चाहिए, न कि पूरी तरह बंद कर देना चाहिए

## गर्भावस्था में व्यायाम के शारीरिक और मानसिक लाभ

### नियमित रूप से सक्रिय गर्भवती महिलाओं में

सामान्य प्रसव की संभावना अधिक होती है
अत्यधिक वजन बढ़ने से बचाव होता है
गर्भकालीन मधुमेह और उच्च रक्तचाप का जोखिम घटता है
सिजेरियन डिलीवरी की संभावना कम होती है
समयपूर्व प्रसव और कम वजन वाले शिशु का खतरा घटता है

व्यायाम केवल शरीर के लिए ही नहीं, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। हार्मोनल बदलावों के कारण गर्भावस्था में चिंता, डर, मूड स्विंग्स और नींद की समस्या आम होती है। नियमित व्यायाम:



तनाव और चिंता कम करता है
मूड बेहतर बनाता है
नींद की गुणवत्ता सुधारता है
आत्मविश्वास बढ़ाता है
पोस्टपार्टम डिप्रेशन के जोखिम को कम करता है

## *कौन-से व्यायाम सुरक्षित और लाभकारी हैं?*

*एरोबिक गतिविधियाँ जैसे चलना, हल्का एरोबिक डांस और स्टेशनरी साइक्लिंग हृदय, फेफड़ों और रक्तसंचार को मज़बूत करती हैं।*

*स्ट्रेंथ और रेज़िस्टेंस एक्सरसाइज़ का अर्थ भारी वजन उठाना नहीं है। बॉडी-वेट एक्सरसाइज़, हल्के वजन और रेज़िस्टेंस बैंड से किए गए व्यायाम:*

*कमर, पेल्विस और रीढ़ को सहारा देते हैं*
*पोश्चर सुधारते हैं*
*शरीर को प्रसव के लिए तैयार करते हैं*
*डिलीवरी के बाद रिकवरी तेज़ करते हैं*

*60% से अधिक गर्भवती महिलाओं को कमर दर्द होता है, जिसे पेट और पीठ की मांसपेशियाँ मजबूत करके काफी हद तक कम किया जा सकता है।*

## *कितना व्यायाम पर्याप्त है?*

*सप्ताह में कम से कम 150 मिनट मध्यम तीव्रता का व्यायाम*
*अधिकांश दिनों में*
*स्ट्रेंथ ट्रेनिंग हफ्ते में 2-3 बार*
*टॉक टेस्ट अपनाएँ—अगर व्यायाम करते समय आराम से बात की जा सकती है, तो व्यायाम सुरक्षित है।*

*गर्भावस्था में व्यायाम: क्या करें और क्या न करें*

## *क्या करें (DOs)*

*व्यायाम शुरू करने से पहले डॉक्टर से सलाह लें*
*धीरे-धीरे शुरुआत करें*
*पर्याप्त पानी पिएँ*
*आरामदायक कपड़े और सही जूते पहनें*
*शरीर के संकेतों को समझें*

## क्या न करें (DONÓTs)

अचानक भारी या बहुत तीव्र व्यायाम न करें
भारी वजन न उठाएँ
ज़्यादा देर तक पीठ के बल न लेटें
गर्म और उमस भरे वातावरण में व्यायाम न करें
दर्द, चक्कर, रक्तस्राव या पानी के रिसाव को नज़रअंदाज़ न करें

## निष्कर्ष

गर्भावस्था कमजोरी नहीं, बल्कि शारीरिक और मानसिक अनुकूलन की अवस्था है।

सुरक्षित, वैज्ञानिक और मार्गदर्शित व्यायाम स्वस्थ माँ, बेहतर प्रसव, तेज़ रिकवरी और संतुलित मानसिक स्वास्थ्य की कुंजी है।

डर नहीं—विज्ञान पर भरोसा करें, और गर्भावस्था को सक्रिय, स्वस्थ और सशक्त बनाएँ।

# नशेड़ियों ने ठेलेवाले के प्राइवेट-पार्ट पर मारी लात

## सैंडविच के पैसे मांगने पर पत्थर से फोड़ा सिर, खून की उल्टी हुई, ठेला पलटकर तोड़फोड़ की

ब्यूरो चीफ रतन कुमार







**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में एक सैंडविच बेचने वाले को नशेड़ियों ने बेरहमी से पीटा। सैंडविच के पैसे मांगने पर उसके प्राइवेट पार्ट्स पर लात मारी। पत्थर से उसका सिर भी फोड़ दिया। खून की उल्टी भी हुई। हमले का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वे लाठी, डंडे और मुक्कों से पीटते दिख रहे हैं। जानकारी के मुताबिक पीड़ित का नाम शिवशंकर कुर्रे है, जो बेमेतरा जिले के करमतारा गांव का रहने वाला है। शिवशंकर कुर्रे नेहरू नगर में मेड बेकर्स के सामने सैंडविच का स्टॉल लगाता है। हमलावरों ने सैंडविच ठेले को भी पलट दिया। घटना नेहरू नगर पुलिस स्टेशन इलाके में हुई।

वहीं स्थानीय लोगों के मुताबिक दोनों पक्षों के बीच गाली-गलौज और मारपीट हुई है। दोनों पक्षों के लोगों को चोटें आई हैं। एक युवक लहूलुहान भी हो गया। चाकूबाजी भी हुई है, लेकिन पुलिस ने अभी तक चाकूबाजी की पुष्टि नहीं की है।

जानिए क्या है पूरा मामला ?

दरअसल, शिवशंकर कुर्रे ने अपनी शिकायत में बताया कि वह नेहरू नगर में किराए के मकान में रहता है और सड़क किनारे सैंडविच और बर्गर का स्टॉल चलाता है। 16 दिसंबर की रात, करीब 9 बजे, मॉडल टाउन, उडिया बस्ती के रहने वाले उदय क्षत्री और हेमंत क्षत्री उसके स्टॉल पर आए।

उदय ने सैंडविच की कीमत पूछी, जिस पर शिवशंकर ने जवाब दिया कि एक प्लेट 40 रुपए की है। सैंडविच खाने के बाद जब शिवशंकर ने पैसे मांगे, तो उदय ने कहा कि वह अगले दिन पैसे देगा। जब शिवशंकर ने उन्हें उधार देने से मना किया, तो नशे में धुत दोनों युवकों ने उसे गालियां देना शुरू कर दिया। हाथों, मुक्कों और पत्थरों से हमला किया शिवशंकर कुर्रे ने बताया कि जब उसने विरोध किया, तो दोनों युवकों ने उस पर हाथों, मुक्कों और पत्थरों से हमला किया, जिससे उसके सिर में चोटें आईं। उसका भाई, बृजमोहन कुर्रे, जो उसे बचाने आया था, उस पर भी हमला किया गया। आरोप है कि उदय ने फिर अपने साथी काशी टांडी और दूसरों को मौके पर बुलाया।

शिवशंकर कुर्रे ने बताया कि सभी आरोपियों ने मिलकर उसे गालियां देना और जान से मारने की धमकी देना शुरू कर दिया। लाठियों और हाथों-मुक्कों से पीटा। हमले में बृजमोहन के सिर, बाएं हाथ और प्राइवेट पार्ट्स के पास गंभीर चोटें आईं। स्टॉल में भी तोड़फोड़ की, जिससे लगभग 25,000 रुपए का नुकसान हुआ। पैसा नहीं दिया तो सैंडविच के पलटे से किया वार वहीं, दूसरे पक्ष से काशी तांडी (25) निवासी उड़िया बस्ती मॉडल टाउन नेहरू नगर ने भी पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। इसमें बताया है कि, उदय क्षत्री ने उसे फोन कर बताया कि सैंडविच उधारी को लेकर ठेले वाले से झगड़ा हो रहा है।

वह अपने साथी उज्जवल तांडी के साथ मौके पर पहुंचा, जहां शिवशंकर कुर्रे और उसका भाई बृजमोहन उनके साथियों के साथ गाली-गलौज कर रहे थे। सैंडविच पलटाने के पलटे से मारपीट कर रहे थे। बीच-बचाव करने पर उन पर भी हमला किया गया। बीच सड़क पर मचाते रहे उत्पात वीडियो में दिख रहा है कि, आरोपियों ने दुकानदार के ठेले को भी पलट दिया। सड़क पर जमकर उत्पात मचाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत करवाया और उन्हें थाने लेकर गई। इस दौरान दोनों पक्षों से पुलिस ने पूछताछ की। दोनों पक्षों में मारपीट की बात सामने आई है।

नेहरू नगर पुलिस ने बताया कि दोनों पक्षों की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मेडिकल परीक्षण कराया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के बयान लिए जा रहे हैं। CCTV फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। विवाद को लेकर जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम की कार्यवाही, अनियमितता पर नोटिस

## फूटा चना का लिया सैम्पल

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर अज़िहित अधिकारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन अक्षय कुमार सोनी के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी व पुलिस टीम द्वारा नगर के फूटा चना उद्योग व दाल मिलो का निरीक्षण किया गया जहां अनियमितता पर सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 नियम व विनियम का गैर अनुपालन पाये जाने पर सुधारात्मक नोटिस जारी किया गया। निरीक्षण के दौरान एसबीजी पल्सेस सुरजपूरा रोड बिना खाद्य लायसेंस के संचालित पाया गया तथा बिना उत्पाद तिथि व बैच नंबर के फूटा चना का उत्पादन कर विक्रय हेतु पैक किया गया था। उक्त खाद्य पदार्थ फूटा चना का नमूना संकलन कर जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर ज़ेजा गया है। जांच रिपोर्ट आने पर नियमानुसार कार्यवाही किया जायेगा। ओमकार दाल इन्डस्टीज खोखली ज़ाटापारा में खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 नियम व विनियम का गैर अनुपालन पाये जाने पर सुधारात्मक नोटिस जारी किया गया ।

# दुर्ग में सतनामी समाज ने मिनीमाता की प्रतिमा की सफाई कर पूजा की

ब्यूरो चीफ रतन कुमार



**दुर्ग।** दुर्ग नगर सतनामी समाज ने नगर के प्रवेश द्वार मिनी माता चौक पुलगांव पर स्थित मिनी माता प्रतिमा की साफ-सफाई कर प्रतिमा की पूजा की। यहां पर सतनाम ध्वज फहराया गया। जयकारा लगाकर गुरु घासीदास जयंती का आगाज किया गया। बता दें कि साल 2004 से यहां मिनीमाता की प्रतिमा स्थापित है। समाज तब से प्रतिवर्ष 17 दिसंबर को आयोजन कर? गुरु घासी दास जयंती के जन्मदाता नकुल देव ढीढी, मिनी माता, बिलासपुर लोकसभा अनारक्षित के प्रथम सांसद रेशमलाल जांगड़े के योगदानों का स्मरण करता रहा है। मुख्य अतिथि पार्षद काशीराम कोसरे, पूर्व पार्षद छत्रसाल गायकवाड़, केआर मारकंडेय, सेवानिवृत्त व्याख्याता गोविंद दास कुर्रे उपस्थित थे।

# सरस्वती शिशु मंदिर में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम संपन्न

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया







**थानखम्हरिया।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर थानखम्हरिया में रविवार को सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती पूर्णिमा महिलांगे, अध्यक्षता श्रीमती अनीता चंदन अग्रवाल, मुख्य वक्ता श्रीमती सरोज बनाफ़र, विशिष्ट अतिथि श्रीमती सरिता जैन ने दीप प्रज्वलित कर, कार्यक्रम की शुरुआत की गई। सरस्वती शिशु मंदिर में रविवार को सप्तशक्ति संगम पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य वक्ता ने सामाजिक समस्याओं, कुटुंब प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य, स्वदेशी जागरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा देश की उन्नति और समाज के समग्र विकास के लिए प्रत्येक नागरिक का अपने दायित्वों के प्रति जागरूक होना आवश्यक है।

सप्तशक्ति संगम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में मेघा, वाक्, कीर्ती, क्षमा और घृती जैसे 7 गुणों का विकास करना था। वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि, इन गुणों का समृद्ध होना केवल व्यक्तिगत व्यक्तित्व को निखरता है, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस दौरान वक्ताओं ने कहा, समाज के कुछ वर्गों की अस्पृश्यता का दंश झेलना पड़ रहा है। वह आज भी शिक्षा सुविधाओं और सम्मान से वंचित है। यह सरासर अन्यायपूर्ण और अमानवी है। इस अन्याय को दूर कर सबको साथ लेकर आगे बढ़ने का प्रयास, सामाजिक समरसता के माध्यम से आरंभ हुए हैं।

## मातृशक्ति का सम्मान

हमारा समरस हिंदू समाज विभिन्न जातियों के नाम से जाना जाता रहा है। लेकिन इसके कारण कभी भी समाज में छुआछूत, भेदभाव नहीं रहा। संघर्ष काल में आयी इस विकृति का कुछ निहित स्वार्थी तत्व जातीय विद्वेष बढ़कर समाज को बांटने का कार्य करते रहते हैं। इसलिए समाज से छुआछूत, भेदभाव दूर करने हेतु अपने मित्र, परिवार में सभी जाति समुदाय के लोगों को शामिल करें। व समय-समय पर पारिवारिक कार्यक्रमों में सभी को सम्मिलित करने का प्रयास करें। अपने घर या कार्यस्थल पर सहयोगी व सेवा देने वाले सभी से हमारा व्यवहार स्नेहिल हो तथा उन्हें किसी त्यौहार पर परिवार सहित सम्मानपूर्वक आमंत्रित करें। तथा उनके घर पर भी आना-जाना प्रारंभ हो। सभी जाति एवं समुदाय के प्रमुख एक साथ बैठकर कुछ साझी समस्याओं और चुनौतियों पर विचार करने तथा उससे उबरने के सामूहिक प्रयास करें। ऐसी प्रमुख बातों का अतिथियों के द्वारा मात्र शक्तियों से जोर देकर कहा गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती सुकून साहू ने किया। इस मौके पर मंजू ठाकुर, निशा खान, पूर्णिमा सिंह ने सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य, आचार्य, दीदी एवं प्रबंध समिति के सदस्यगण उपस्थित थे। कार्यक्रम की सुव्यवस्थित ढंग से की गई। अंतिम में सभी अतिथियों और उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त करते हुए, कार्यक्रम के सफल समापन की घोषणा की गई।






# सिविक सेंटर की सड़क पर गड्ढों से परेशानी

ब्यूरो चीफ रतन कुमार



**भिलाई।** टाउनशिप में सिविक सेंटर प्रमुख एरिया है। सुबह में वॉक करने और फ्री टाइम बिताने लोग यहां पहुंचते हैं। मौजूदा समय में नन्हें टी स्टॉल से बनारसी चाय वाले तक सड़क पर हुए गड्ढे की वजह से लोग परेशान हो रहे हैं। अधिकतम 200 मीटर सड़क को बीएसपी प्रबंधन ने हासिए पर रखा है। जबकि इस सड़क पर हजारों लोग रोज आना-जाना करते हैं। इसी वजह से सड़क और जर्जर होती जा रही है। निर्माण जल्द करना चाहिए।

# गांवों में पेड़ काटने से पहले एसडीएम की अनुमति जरूरी

ब्यूरो चीफ रतन कुमार



दुर्ग। वन विभाग ने गांवों में पेड़ों की अवैध कटाई रोकने के लिए गाइडलाइन जारी की है। इसके तहत जिले की सभी पंचायतों के सरपंचों को निर्देश जारी किए गए हैं। कटाई के पहले पेड़ों का पंजीयन तहसील कार्यालय के राजस्व अभिलेखों (पंचशाला खसरा) में दर्ज होना अनिवार्य है। प्राकृतिक रूप से उगे हुए वृक्षों की कटाई के लिए भू-स्वामी निर्धारित प्रारुप और दस्तावेजों के साथ एसडीएम कार्यालय में आवेदन जमा करेगा। इसके बाद अनुविभागीय अधिकारी वन विभाग के साथ संयुक्त निरीक्षण करेंगें। जांच प्रतिवेदन के आधार पर वन विभाग कटाई की अनुमित जारी करेगा। बीते एक महीने में वन विभाग ने ग्रामीण क्षेत्रों से लकड़ियों का अवैध परिवहन करते हुए 12 ट्रक जब्त किए हैं। जब्त लकड़ियों की कीमत 10 लाख से ज्यादा हैं। जांच में पता चला है कि ग्रामीण क्षेत्रों से लकड़ियों की अवैध सप्लाई हो रही है। इसके बाद वन विभाग ने सभी सरपंचों को पेड़ों की कटाई को लेकर निर्देश जारी किया है। डीएफओ दीपेश कपिल ने बताया कि खाली भूमि पर लगाए गए वृक्षों की कटाई के लिए भू-स्वामी पेड़ों को काटने के पहले सूचना पत्र एवं स्वघोषणा पत्र अनुविभागीय अधिकारी के समक्ष निर्धारित प्रारुप में जमा करेगा। अनुविभागीय अधिकारी द्वारा भू-स्वामी द्वारा प्रस्तुत सूचना एवं स्वघोषणा-पत्र का दस्तावेजों एवं भौतिक सत्यापन, वृक्ष कटाई के पूर्व, पटवारी एवं वनपाल के माध्यम से किया जाएगा।

# बालोद जिले में लगने वाला "राजा राव पठार मेला"

# आस्था, परंपरा और लोकविश्वास का संगम

ब्यूरो चीफ रतन कुमार

**बालोद।** बालोद जिला अपने वनांचल, पठारी भू-भाग और लोकपरंपराओं के लिए जाना जाता है। इन्हीं परंपराओं में एक महत्वपूर्ण स्थान राजा राव पठार के नाम से लगने वाले वार्षिक मेले का है। यह मेला केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि स्थानीय लोगों की आस्था, इतिहास और सामाजिक जीवन से गहराई से जुड़ा हुआ आयोजन माना जाता है।

## क्यों लगता है राजा राव पठार का मेला

स्थानीय बुजुर्गों और ग्रामीणों के अनुसार राजा राव पठार कोई राजमहल में रहने वाला राजा नहीं, बल्कि जंगल-पहाड़ क्षेत्र में रहने वाले लोगों का संरक्षक और लोकनायक था। मान्यता है कि उन्होंने अपने जीवनकाल में आसपास के जंगलों में बसने वाले ग्रामीणों, चरवाहों और आदिवासी समाज की रक्षा की।

उनकी स्मृति और सम्मान में यह मेला प्रारंभ हुआ, ताकि आने वाली पीढ़ियां उनके नाम और उनसे जुड़ी लोकगाथाओं को भूल न जाएं।



## कब से लग रहा है मेला

ग्रामीण परंपराओं के अनुसार यह मेला कई दशकों से, बल्कि कुछ लोग इसे सौ साल से भी अधिक पुराना बताते हैं। हालांकि इसकी सटीक तिथि लिखित अभिलेखों में उपलब्ध नहीं है, लेकिन पीढ़ी दर पीढ़ी चली आ रही मौखिक परंपराएं इसके लंबे इतिहास की पुष्टि करती हैं।

हर वर्ष एक निश्चित तिथि या स्थानीय पर्व के आसपास इस मेले का आयोजन किया जाता है, जिसमें आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग शामिल होते हैं।

## सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व

यह मेला केवल धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि सामाजिक मेल-मिलाप का अवसर भी बन चुका है।

**मेले में– ग्रामीण हाट लगता है**

घरेलू उपयोग की वस्तुएं, खिलौने और स्थानीय उत्पाद बिकते हैं

लोकनृत्य, लोकगीत और पारंपरिक वाद्ययंत्रों की प्रस्तुति होती है इस अवसर पर दूर-दराज के गांवों से रिश्तेदार और परिचित एक-दूसरे से मिलते हैं, जिससे सामाजिक संबंध मजबूत होते हैं।

## मेले का स्थान और स्वरूप

यह मेला प्रायः जंगल या पठारी क्षेत्र के समीप आयोजित होता है, जहां राजा राव पठार से जुड़ा कोई प्रतीक स्थल, चबूतरा या स्मृति चिन्ह मौजूद है।

## मेले के दौरान

पूजा-अर्चना और पारंपरिक अनुष्ठान किए जाते हैं

लोकदेवता के रूप में राजा राव पठार को स्मरण किया जाता है

नारियल, अगरबत्ती, फूल और प्रसाद चढ़ाया जाता है।





## लोकआस्था आज भी जीवित

आज के आधुनिक समय में भी राजा राव पठार के नाम से लगने वाला यह मेला यह साबित करता है कि लोकनायकों और लोकदेवताओं की आस्था गांव-समाज में कितनी गहराई से रची-बसी है। लोगों का मानना है कि मेले में सच्चे मन से की गई मन्नत पूरी होती है और गांव पर संकट नहीं आता।

## निष्कर्ष

राजा राव पठार मेला बालोद जिले की उस जीवित परंपरा का उदाहरण है, जहां इतिहास किताबों से ज्यादा लोकस्मृति में सुरक्षित है। यह मेला न केवल अतीत की याद दिलाता है, बल्कि वर्तमान में भी सामाजिक एकता और सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करता है।



# ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण सम्पन्न

## कलेक्टर, एसपी एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने सुरक्षा व प्रबंधन व्यवस्था का लिया जायजा

ब्यूरो चीफ अनिल सिंघानिया







**बेमेतरा।** जिला कार्यालय परिसर स्थित ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का जून 2025 माह का त्रैमासिक आंतरिक निरीक्षण आज शाम 5 बजे संयुक्त रूप से शांतिपूर्वक एवं व्यवस्थित तरीके से सम्पन्न हुआ। निरीक्षण में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रणबीर शर्मा सहित विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी प्रणाली, ताले एवं सील की स्थिति, रिकॉर्ड पंजी, तथा प्रवेश-निकास की प्रक्रिया की गहनता से जांच की गई। अधिकारियों ने प्रत्येक बिंदु का सूक्ष्म अवलोकन कर यह सुनिश्चित किया कि निर्वाचन से संबंधित समस्त उपकरण पूरी तरह सुरक्षित एवं मानक अनुरूप रखे गए हैं।

इस अवसर पर कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने कहा कि ईवीएम और वीवीपैट लोकतांत्रिक चुनाव प्रक्रिया का अत्यंत महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, इसलिए इनके भंडारण एवं सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था को लगातार सुदृढ़ बनाए रखने तथा सभी निर्धारित प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्री प्रकाश भारद्वाज, जिला कोषालय अधिकारी, निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी एवं पुलिस विभाग के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर वेयरहाउस की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भी निरीक्षण प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता निभाई और वेयरहाउस में की गई सुरक्षा एवं प्रबंधन व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने इसे निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता और विश्वास बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

कलेक्टर श्री शर्मा ने जानकारी देते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रत्येक तिमाही में ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का आंतरिक निरीक्षण किया जाना अनिवार्य है, जिससे पारदर्शिता, सुरक्षा और निर्वाचन की विश्वसनीयता सुनिश्चित की जा सके।

समग्र रूप से निरीक्षण प्रक्रिया शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित और पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न हुई, जिससे जिले में आगामी निर्वाचन कार्यों को लेकर प्रशासनिक तैयारियों की मजबूती स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई।

# ऊर्जा संरक्षण सप्ताह में विद्यार्थियों ने दिखाया नवाचार का उत्साह

## क्रेडा द्वारा स्कूलों एवं महाविद्यालयों में "ऊर्जा नवाचार प्रतियोगिता" का आयोजन

ब्यूरो चीफ अनिल सिंघानिया








**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ शासन के रजत जयंती वर्ष 2025 के अंतर्गत जिले में 14 दिसंबर से 20 दिसंबर तक ऊर्जा संरक्षण सप्ताह मनाया जा रहा है। इस अवसर पर राज्य कार्यालय के निर्देशानुसार एवं जिला कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा के मार्गदर्शन में जिलेभर में ऊर्जा संरक्षण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में दिनांक 16 दिसंबर 2025 को विकासखंड बेरला अंतर्गत स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी/अंग्रेजी माध्यमिक विद्यालय, कुसमी में ऊर्जा नवाचार प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) एवं विद्यालय प्रबंधन के संयुक्त तत्वाधान में किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने ऊर्जा संरक्षण विषय पर अपनी रचनात्मकता और नवाचार का प्रभावी प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के अंतर्गत रंगोली, वाद-विवाद तथा मॉडल निर्माण जैसी विभिन्न विधाओं में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और ऊर्जा बचत के संदेश को कलात्मक एवं वैज्ञानिक रूप में प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए मॉडलों एवं प्रस्तुतियों में सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, ऊर्जा की बचत के घरेलू उपाय, एलईडी के उपयोग, तथा पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों को प्रमुखता से दर्शाया गया। निर्णायक मंडल द्वारा मूल्यांकन के पश्चात प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को क्रेडा द्वारा प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिससे विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन हुआ। इस अवसर पर क्रेडा के जिला प्रभारी श्री आकाश शर्मा ने बताया कि ऊर्जा संरक्षण सप्ताह के दौरान जिले के विभिन्न स्कूलों एवं महाविद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम, प्रतियोगिताएं एवं संवाद सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों को ऊर्जा बचत के महत्व से अवगत कराना है। उन्होंने बताया कि ऊर्जा संरक्षण का अर्थ गैर-नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों जैसे कोयला, पेट्रोलियम आदि का विवेकपूर्ण उपयोग करना है, ताकि ये संसाधन भविष्य की पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रह सकें।

उन्होंने आगे कहा कि जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों जैसे सौर ऊर्जा एवं पवन ऊर्जा को अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। ऊर्जा संरक्षण न केवल ऊर्जा के अपव्यय को रोकता है, बल्कि कार्बन उत्सर्जन को कम कर पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है। ऊर्जा संरक्षण सप्ताह के अंतर्गत आयोजित यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों में नवाचार की भावना विकसित करने के साथ-साथ उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित कर रही है। कार्यक्रम के अंत में यह संदेश दिया गया कि हर व्यक्ति की यह जिम्मेदारी है कि वह ऊर्जा बचाए और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ एवं सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करे।

# विजय दिवस पर शहीद खोण्डे की प्रतिमा स्थापना की शिवरतन ने घोषणा की

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** विजय दिवस के पावन अवसर पर जय स्तंभ चौक में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि समारोह गरिमामय एवं भावनात्मक वातावरण में संपन्न हुआ। उक्तअवसर पर अमर शहीद श्री कृष्ण गजानन खोण्डे की स्मृति में उनकी प्रतिमा स्थापित किए जाने की घोषणा वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा एवं नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा जी द्वारा की गई। यह प्रतिमा शहीद खोण्डे के अद्वितीय शौर्य, त्याग और राष्ट्रभक्ति को चिरस्थायी स्मृति प्रदान करेगी। कार्यक्रम में अमर शहीद कृष्ण गजानन खोण्डे के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्होने कहा कि खोण्डे का जन्म 15 अप्रैल 1942 को जबलपुर में हुआ। उनकी शिक्षा-दीक्षा भाटापारा में संपन्न हुई। उनके पिता लोक निर्माण विभाग पीडब्ल्यूडी में सेवारत थे। शहीद खोण्डे ने 1 अगस्त 1964 को भारतीय वायुसेना में प्रवेश किया और फाइटर पायलट के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त किया। वे फ्लाइंग लेफ्टिनेंट के पद पर कार्यरत रहे तथा 4 दिसंबर 1971 को ऑपरेशन कैक्टस लिली के दौरान असम के हासीपारा क्षेत्र में देश की रक्षा करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए। उक्त अवसर पर शिवरतन शर्मा ने अपने संबोधन में अमर शहीद कृष्ण गजानन खोण्डे को नमन करते हुए कहा कि उनका जीवन साहस, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रसेवा का जीवंत उदाहरण है। ऐसे वीर सपूतों के बलिदान से ही भारत की संप्रभुता और गौरव सुरक्षित है। उनकी प्रतिमा आने वाली पीढ़ियों को देशभक्ति और समर्पण की प्रेरणा देती रहेगी। वहीं नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि अमर शहीद कृष्ण गजानन खोण्डे का बलिदान नगर और प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। उनकी स्मृति में स्थापित होने वाली प्रतिमा समाज को राष्ट्रप्रेम और कर्तव्यबोध का संदेश देगी। यह स्थल युवाओं के लिए प्रेरणा का केंद्र बनकर सदैव शहीदों के त्याग की याद दिलाता रहेगा। कार्यक्रम में भारत माता सैनिक अकादमी के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने वातावरण को राष्ट्रप्रेम से सराबोर कर दिया। समारोह में पूर्व सैनिक, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

## अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस संपन्न



विशेष प्रतिनिधि

**रायपुर।** सीनियर सिटीजंस वेलफेयर फोरम के तत्वावधान में आज अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर आयोजित वृद्धजनों के लिये शासन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विजयी बुजुर्गों को आज दिनांक 14/12/12025 को पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया , वृंदावन हाल सिविल लाइंस में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री लोकेश कावडिया , अध्यक्ष छ.ग. स्टेट नि:शक्त जन वित्त एवं विकास निगम आयोग व विशिष्ट अतिथि श्री मन्मथ शर्मा , समाजसेवी ने राज्य सरकार की ओर से पुरस्कृत व सम्मानित किया ।

श्री कांवड़िया जी ने अपने वक्तव्य में कहा कि राज्य शासन बुजुर्गों की समस्याओं को दूर करने के लिये हर संभव प्रयास कर रहा है वहीं श्री मन्मथ शर्मा जी ने गो संवर्धन व गोरक्षा पर अपने विचार रखे ।कार्यक्रम में सीनियर सिटीज़ंस वेलफेयर फोरम के अध्यक्ष प्रकाश सुरावधनीवार जी ने शासन से वरिष्ठ नागरिकों की गतिविधियों के लिये स्थान की माँग की , राजकुमार शुक्ल, सचिव सीनियर सिटीज़ंस वेलफेयर फोरम ने कार्यक्रम का संचालन किया तथा श्री कांवड़िया जी व मन्मथ शर्मा जी का कार्यक्रम में पधारने के लिये फोरम की ओर से आभार व्यक्त किया वरिष्ठ साहित्यकार श्री केपी सक्सेना संस्थापक सीनियर सिटीजंस वेलफेयर फोरम के निर्देशानुसार यह आयोजन किया गया। इस अवसर पर लगभग 50 वरिष्ठ नागरिकों ने मुख्य अतिथि के कर कमलों से पुरस्कार प्राप्त किये।

कार्यक्रम में श्रीमती सरोज सैफी उपाध्यक्ष, एच एम राणा कोषाध्यक्ष , पीके चटर्जी संयुक्त सचिव एवं कार्यकारिणी सदस्य श्री नितिश श्रीवास्तव व श्री राममूर्ती अग्रवाल जी ने कार्यक्रम की पूरी व्यवस्था को कुशलता पूर्वक भव्यता प्रदान करने में अपना विशेष योगदान दिया जिसकी मुख्य अतिथि महोदय ने भूरि भूरि प्रशंसा व सराहना की ।

## सरयूपारीण ब्राम्हण महिला समाज ने सोमनाथ का भ्रमण किया



ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** सरयूपारीण ब्राम्हण समाज की स्थानीय ईकाई के महिला प्रकोष्ठ के लोगो ने शहर से 40 किलोमीटर दुर शिवनाथ नदी एवं खारून नदी के संगम स्थल सोमनाथ मंदिर क्षेत्र का दर्शन भ्रमण किया व वहा पर पुजा अर्चना करते हुए क्षेत्र की सुख - समृद्धि के लिए मंगल कामना की । उक्त पर्यटन दल में निशा शर्मा , उषा मिश्रा ,ममता दीवान , रितु तिवारी , सीमा तिवारी , सरीता शर्मा , रानी शर्मा , सुषमा मिश्रा , रश्मी तिवारी , सुनीला पांडे, निशा शर्मा , ममताा दुबे , अनिता दुबे ,श्रद्धा शर्मा , सीमा शर्मा , अरूणा शुक्ला , निकिता शर्मा , लंता पांडे , आशा तिवारी , ज्योति पांडे , भावना शुक्ला , कल्पना शर्मा , सीमा शर्मा , निलु मिश्रा , साधना शर्मा , वेदिका शर्मा , मीनाक्षी शर्मा , आनंद शर्मा , खगेश शर्मा सहित अन्य लोग शामिल थे।

# खरमास प्रारंभ, नहीं गुंजेगी शहनाई की आवाज

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** 16 दिसंबर दिन मंगलवार से खरमास प्रारंभ होने के साथ ही शहर व क्षेत्र में सभी प्रकार के मांगलिक कार्य पर विराम लग जायेगा । मान्यता है कि खरमास में सगाई , विवाह ,मुंडन संस्कार , नये गृह प्रवेश , नई घर खरीदी , प्रोपर्टी खरीदी के साथ साथ प्लाट व खेत खरीदी एवं नये वाहन खरीदी के कार्य नही हो पायेगें साथ ही खरमास की नव वधु का ग्रह प्रवेश , गृह प्रवेश की पूजा , मुंडन कार्य , उपनयन संस्कार , जनेऊ संस्कार व सोलह जीवन अनुष्ठान प्रतिबंधित हो जायेगें क्योकि खरमास प्रारंभ होने पर सूर्य धनु राशि में प्रवेश करता है इस दौरान सूर्य की सही स्थिति नही होने के कारण इस काल को अस्थिरता का काल कहा जाता है फलस्वरूप सभी प्रकार के मांगलिक व प्रासंगिक कार्य रूक जाते है । खरमास की समाप्ति 14 जनवरी दिन बुधवार को होने के बाद शुभ कार्य प्रारंभ हो सकेंगे लेकिन शुक्र के 3 फरवरी तक अस्त रहने से विवाह जैसे शुभ कार्य नही हो पायेंगे । जनवरी माह में शुभ कार्य के लिए वैसे भी कोई मुहुर्त नही है। 3 फरवरी के बाद शादी विवाह व अन्य कार्यों के लिए शुभ व मंगल मुहुर्त प्रारंभ होगा जिसके चलते फरवरी 2026 में शुभ विवाह के लिए 4 फरवरी , 5 फरवरी , 6 फरवरी , 8 फरवरी ,10 फरवरी, 12 फरवरी, 14 फरवरी, 19 फरवरी ,20 फरवरी, 21 फरवरी , 24 फरवरी , 25 व 26 फरवरी को शुभ मुहुर्त है इस दौरान शहनाई बज उठेगी बहरहाल 16 दिसंबर से 31 जनवरी तक सभी मांगलिक कार्यो पर विराम लगा रहेगा ।

खरमास में मान्यता है कि सूर्य देव की नित्य पूजा आराधना कर उन्हे जल चढाने व अन्य धार्मिक महत्व के काम करने के साथ साथ नदी स्नान तथा गरीबो को हर संभव सहायता करने से लोगो को लाभ की प्राप्ति होती है।

## संक्षिप्त समाचार

### धीवनपुरी में सी सी रोड का हुआ भूमिपूजन



**भाटापारा** ग्राम पंचायत धीवनपुरी में सी सी रोड का भूमिपूजन किया गया केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के समस्त योजनाओं को गांव गांव तक पहुंचाने भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्तागण प्रतिबद्धता दिखाते हुए हर क्षेत्र में विकास की गंगा बहा रही है भवन निर्माण सी सी रोड प्रधानमंत्री आवास मनरेगा योजना नलजल योजना शौचालय निर्माण धान खरीदी केंद्र खोलने जैसे ग्रामीण हितकर योजना घर घर तक पहुंचा रहे है भूमि पूजन अवसर पर उक्त बाते क्षेत्र के शिवरतन शर्मा ने कही उक्त अवसर पर आनंद यादव , केजू राम बघेल ,दीप्ती गोविंद वर्मा , दौलत राम पाल , शशि आनंद बंजारे ,गोपाल शुक्ला , नारायण साहू ,लक्ष्मण कुमार वर्मा ,सरपंच चंद्रकली ,राजेश टंडन मनोज यदु ,सुरेश घितोड़े, बंसी यदु ,संतोष साहू ,पूर्व सरपंच कोलिहा रूपेंद्र यदु एवं डुपेश वर्मा, रविकांत वर्मा ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

भाटापारा। शहर से 5 किलोमीटर दुर ग्राम देवरी के मुख्य मार्ग पर एक हैवी वाहन की चपेट में आने से देवरी गांव निवासी भीमा साहू की मौत हो गई इस घटना के बाद कुछ देर तक ग्रामीणो ने मुआवजा की मांग को लेकर चक्का जाम कर दिया था लेकिन प्रशासन के हस्तक्षेप के पश्चात सड़क यातायात को बहाल कराया गया ।

# भाटापारा क्षेत्र के 16 सफल अभ्यर्थियों ने शिवरतन से की मुलाकात



**भाटापारा।** ग्राम तरेंगा के टी टीसी ग्राउंड में अपनी गतिविधियों को निरंतर बनाये रखने वाले 16 प्रतिभागियो का चयन छत्तीसगढ़ पुलिस में आरक्षक पद पर होने के पश्चात सभी 16 प्रतिभागियो ने क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा से ज़ेंट कर उनका आर्शीवचन प्राप्त किया उक्त अवसर पर शिवरतन शर्मा ने सभी 16 प्रतिभागियो के पुलिस बल में चयन पर उन्हे बधाई देते हुए कहा कि यह क्षेत्र के लिए गर्व का अद्वितीय क्षण है तरेंगा के खेल मैदान में जो अनुशासन लक्ष्य व वातावरण तथा संकल्प युवाओं को मिला है उसी का यह परिणाम है कि क्षेत्र के 16 प्रतिभागी जिला पुलिस आरक्षक सत्र 2023-24 की परीक्षा में चयनित हुए है यह संख्या केवल एक संख्या नही है बल्कि भाटापारा की मिट्टी में मेहनत और संघर्ष का एक बेहतर परिणाम है उक्त अवसर पर शिवरतन शर्मा ने सफल सभी लोगो को बधाई देते हुए कहा कि पुलिसिंग कार्य में आने वाली चुनौतियों एवं परिस्थियों के बीच सामंजस्य बनाकर वे पुरी ईमानदारी व निष्ठा से समाज व जहा भी कार्यरत रहे उस क्षेत्र में कानुन तथा शांति व्यवस्था बनाये रखने में पुरी पारदर्शिता के साथ कार्य कर आगे भी समाज व क्षेत्र में अपना नाम ऊंचा रखे।

# दीप्ती वर्मा ने सी ई ओ से मुलाकात की

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** जिला पंचायत सदस्य दीप्ती वर्मा ने पंचायत सिमगा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी चंद्र प्रकाश महर से प्रधानमंत्री आवास योजना संबंधित एवं मनरेगा कार्य पर हितग्राहियों को लाभान्वित करने मुलाकात कर चर्चा की। प्रधानमंत्री आवास योजना से हितग्राहियों के खाता में सीधे पैसे पहुंचाकर उन्हें राहत केंद्र सरकार द्वारा दिया जा रहा है एवं मनरेगा योजना से पलायन की गति पर विराम लगा है जिससे अनवरत संचालित रखने जिला पंचायत सदस्य सभापति दीप्ती गोविंद वर्मा एवं जनपद उपाध्यक्ष गोपाल शुक्ला ने कहा साथ ही अपने क्षेत्र के विकास में सहयोग करने की अपेक्षा की।

# एक देश-एक चुनाव समय की मांग -अविनाश शर्मा

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** स्टूडेंट फॉर वन नेशन वन इलेक्शन द्वारा एक राष्ट्र - एक चुनाव विषय पर कमलाकांत शुक्ल इंस्ट्रीटीयूट में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजनीतिक, सामाजिक एवं शैक्षिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने इस विषय पर अपने विचार रखे संगोष्ठी में विशेष रूप में अविनाश शर्मा, श्रेणीक गोलछा, आशीष टोडर, अभिषेक मिश्रा, पीयूष साहू, सुरेंद्र डागोर ने अपने - अपने विचार प्रकट किये । अविनाश शर्मा ने कहा कि एक राष्ट्र - एक चुनाव न केवल संसाधनों की बचत करेगा बल्कि लोकतंत्र की मजबूती और सुशासन की दिशा में भी एक बड़ा कदम साबित होगा। उन्होने आगे कहा कि अब समय आ गया है जब लोकतंत्र को अनावश्यक खर्च, बार-बार होने वाले चुनाव और राजनैतिक अस्थिरता की बेड़ियों से मुक्त किया जाए। आर्थिक नीतियों में निरन्तरता, व्यापार और रोजगार को गति देने के लिए एक देश-एक चुनाव समय की मांग है। एक राष्ट्र-एक चुनाव के लिए लोकमत तैयार करना है ताकि भारत को वैभवशाली और विकसित राष्ट्र बनाने की इस मुहिम में युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित हो। संगोष्ठी में बड़ी संख्या में उपस्थित छात्र-छात्राओ ने देश हित के इस विचार को जन समर्थन देने का निर्णय लिया।

# गुरूघासीदास जयंती के कार्यक्रम में शामिल हुए अश्वनी शर्मा



**भाटापारा।** शहर के आटो स्टैण्ड में तीन पहिया आटो परिवहन चालक संघ द्वारा संत शिरोमणि गुरू घासीदास की 269वी जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा शामिल हुए उक्त मौके पर उन्होने कहा कि गुरू घासीदास के दिव्य विचार मनखे मनखे एक समान निश्चित ही उन्हे महान बनाता है उनके बताये गये मानवता के मार्ग पर चलकर ही हमे आपसी भाईचारा को मजबुत बनाना है साथ ही घासीदास के विचार सत्य अहिंसा ,शांति का अनुसरण करते हुए जेद भाव मिटाकर समाज को मजबुत करना है उक्त अवसर पर आटो चालक संघ के पदाधिकारी एवं आटो चालक सैकड़ो की सख्या में उपस्थित थे।

# सफला एकादशी पर प्रभात फेरी निकाली गई



**भाटापारा।** धर्म संग पीठ परिषद आदित्य वाहिनी , आनंद वाहिनी , के संयुक्त तत्वाधान में सफला एकादशी पर प्रातः कड़कड़ाती ठंड के बावजूद राम सप्ताह मंडप से विशाल प्रभात फेरी निकाली गई जिसमें शिव शर्मा , शिवांश बावला , शिवम गुप्ता , सत्यनारायण जोशी , रवि गुप्ता , शशांक गुप्ता , कैलाश शर्मा , अंश शर्मा , नरेशकार्तिक लाल शर्मा , एकांश गुप्ता , युवराज निषाद , राधे यदु , गट्टानी सहित बड़ी संख्या में अन्य श्रद्धालु भक्त धर्म प्रेमी लोग शामिल थे । नगर भ्रमण पश्चात उक्त प्रभात फेरी वापस राम सप्ताह मंडप में आकर समाप्त हुई।

## संक्षिप्त समाचार

### तत्काल टिकट बुकिंग हेतु यात्री आरक्षण प्रणाली पीआरएस काउंटरों पर ओटीपी सुविधा लागू

**भाटापारा।** रेल्वे सुत्रो से प्राप्त जानकारी के अनुसार रेल प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा बढ़ाने तथा तत्काल टिकट बुकिंग प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, सुरक्षित एवं सुचारु बनाने के उद्देश्य से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के यात्री आरक्षण प्रणाली पीआरएस काउंटरों पर तत्काल टिकट बुकिंग के लिए ओटीपी वन टाईम पासवर्ड आधारित प्रणाली लागू की है। यह सुविधा 18 दिसंबर दिन गुरूवार से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से प्रारंभ होने वाली 06 ट्रेनो के लिए पीआरएस काउंटरों पर प्रभावी होगी । ओटीपी आधारित इस व्यवस्था के अंतर्गत, तत्काल टिकट बुकिंग के समय यात्री के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर ओटीपी ज़ेजा जाएगा, जिसे दर्ज करने के पश्चात ही टिकट बुक किया जा सकेगा। इससे फर्जी बुकिंग, बॉट्स के दुरुपयोग एवं अनधिकृत गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित होगा तथा वास्तविक यात्रियों को अधिक लाभ मिलेगा । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से प्रारंभ होने वाली जिन ट्रेनों में यह सुविधा लागू की गई है, वे इसमे ट्रेन क्रमांक 12853 अमरकंटक एक्सप्रेस , ट्रेन क्रमांक 18241 दुर्ग अंबिकापुर एक्सप्रेस तथा ट्रेन क्रमांक 18242 अंबिकापुर दुर्ग एक्सप्रेस में पीआरएस काउंटरो से तत्काल टिकट बुकिंग की सुविधा ओटीपी प्रणाली से लागु की गई है। रेलवे प्रशासन द्वारा इसके लिए सभी मंडलों को निर्देशित किया गया है, कि इस नई व्यवस्था की तैयारी सुनिश्चित करें, ताकि पीआरएस काउंटरों से तत्काल टिकट बुक कराने वाले यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे यात्रियों को सुरक्षित, सरल एवं भरोसेमंद टिकटिंग सुविधा प्रदान करने हेतु निरंतर प्रयासरत है।

### क्रिकेट प्रतियोगिता में मोपकी ने खिताब जीता



**भाटापारा।** ग्राम धुर्राबाधां में आयोजित क्रिकेट टुर्नामेंट में 32 टीमो ने भाग लिया अंतिम मुकाबला ग्राम मोपका व मोपकी के बीच खेला गया जिसमें मोपकी की टीम ने विजेता का खिताब अपने नाम किया उक्त कार्यक्रम में उपस्थित जिला पंचायत सभापति श्रीकांत जयसवाल ने खिलाड़ियों को खेल भावना से खेल को खेलते हुए आपसी प्रेम भाव बरकरार रखने कहा कार्यक्रम में सुरेश वर्मा , दिनेश वर्मा , हेमंत वर्मा , पवन वर्मा , नागेश वर्मा , विनोद पटेल , पुनित पटेल , सुखरतन पाल , हेमलाल , पोषणलाल , राकेश , विक्की , अभिषेक मांडले , नागेश सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# वीर नारायण सिंह का जीवन प्रेरणादायक - शिवरतन शर्मा

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** अमर शहीद वीर नारायण सिंह का जीवन हम सब के लिए प्रेरणादायक है सोनाखान के वीर नारायण सिंह ने जहां गांव, गरीब और किसानों की रक्षा के लिए संघर्ष किया वहीं उन्होंने अंग्रेजों के विरूद्ध संघर्ष करते हुए देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। उक्ताशय के विचार वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा ने आदिवासी गोंड समाज मॉवली महासभा सिंगारपुर द्वारा आयोजित वीर नारायण सिंह शहादत दिवस कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किये उन्होंने आगे कहा कि समाज के लोगो को छत्तीसगढ़ के अमर शहीद वीरनारायण सिंह से प्रेरणा लेना चाहिए । शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि आज हम सबको



संकल्प लेना चाहिए कि हम जियें तो देश के लिए और मरे तो भी देश के लिये। शहीद वीरनारायण सिंह ने सोनाखान की धरती में जन्म लेकर अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ 1857 की क्रांति में अपना उल्लेखनीय योगदान दिया था। आज भी देश में जब आदिवासी बलिदान की चर्चा होती है तो शहीद वीरनारायण सिंह का नाम सबसे पहले याद किया जाता है। शिवरतन शर्मा ने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के गौरवशाली इतिहास में छत्तीसगढ़ के वीर सपूत शहीद वीर नारायण सिंह के बलिदान को हमेशा याद किया जाएगा। छत्तीसगढ़ महतारी के सच्चे सपूत वीर नारायण सिंह ने छत्तीसगढ़ की जनता में देश भक्ति की भावना का संचार किया।

सन 1856-57 के भयानक अकाल के दौरान गरीबों को भूख से बचाने के लिए उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ कठिन संघर्ष किया और अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। शिवरतन शर्मा ने समाज के लोगो से कहा कि किसी भी समाज की पहचान उसकी आर्थिक प्रगति से नहीं बल्कि जागरूकता से होती है, आदिवासी समाज अपनी श्रेष्ठ संस्कृति और उत्कृष्ट परम्परा से पहचानी जाती है। इस समाज ने शहीद वीरनारायण सिंह जैसे सपूत देकर प्रदेश ही नही देश को भी गौरवान्वित किया है। आदिवासी समाज तथा इस समाज के नेतृत्वकताओं ने राजसिंहासन त्यागकर देशहित में अपने प्राणों की आहुति देकर देशवासियों को नया संदेश दिया है। उपरोक्त मौके पर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, बंशीलाल नेताम, जायसवाल, अमर मंडावी, अगेश्वर छेदइहा, जागेश्वर मरावी, राजेश नेताम, चंद्रशेखर ध्रुव, तीजराम ध्रुव, पुसउराम ध्रुव, कृपा राम ध्रुव, संतोष ध्रुव, नरेश ध्रुव,रिखीराम पोर्ते, पवन वर्मा, कनक मनहरे, संगीता नेताम, सुंदर साहू, दिनेश साहू, सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु व अन्य लोग मौजुद थे।

# विद्यार्थी परिषद ने मनाया समरसता दिवस




**भाटापारा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा गत दिनों सामाजिक समरस्ता दिवस का आयोजन किया गया उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ. सरला निहलानी ने कहा कि ज़ेद- भाव से ऊपर उठ कर मानवता , समान अधिकार और परस्पर सम्मान के मूल्यों को अपनाकर आपसी भाई चारा व सौहार्द कायम करते हुए सामाजिक समरस्ता को मजबुत किया जा सकता है उक्त अवसर पर अनुविभागीय पुलिस अधिकारी तारेश साहु , लक्ष्मी मानिकपुरी , सोमेश सिन्हा , हरिओम मिश्रा , कनिका मिश्रा , खुमेन्द्र साहू , दिपेश शर्मा , युगल किशोर ठाकुर , संजु साव , निशा मानिकपुरी , ललिता , श्रद्धा वर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित थे ।

# 10 जनवरी से क्रिकेट प्रतियोगिता , पोस्टर का विमोचन किया अश्वनी ने




ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** आगामी जनवरी माह में प्रारंभ होने वाले स्वर्गीय जितेन्द्र कुमार आडिल चैपियंस ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर सिटी सेंटर के सामने अमर जित सिंह सलुजा के ऑफिस में पोस्टर का विमोचन किया गया उक्त अवसर पर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से खेल प्रतिभाओं को आगे बढने का निरंतर मौका मिलेगा उक्त अवसर पर डॉ. विकास आडिल , अमरजित सिंह सलुजा , सतीश अग्रवाल , गणेश ध्रुव , कैलाश बालानी , लक्ष्मीनारायण सोनी , चन्द्रशेखर चक्रधारी , चन्द्रप्रकाश साहु , अरूण छाबड़ा , नरेश आर्य , रंजित दवानी ,देवेश गुप्ता , अभिषेक मोदी ,दुर्गेश यदु , रवि वर्मा , शंकर छाबड़ा , गोरव , बलराम देवांगन , कमल सोनी , विक्की साहू , फैजान अहमद , श्रेणिक गोल्छा , शत्रुहन सोनवानी , पप्पु साहू, सतीश साहू , अशोक ध्रुव , अमृत साहू , सरिता ध्रुव ,सन्नी ध्रुव , भुपेन्द्र ध्रुव , जग्गु राजपुत , सचीन मसीह , बजरंग ध्रुव , बृजकिशोर अग्रवार , मुकेश सोनी , गिरधर गोविंदानी , गुरमुखदास गंगवानी , श्रीचंद छाबड़िया सहित अन्य लोगो को शामिल करते हुए उक्त क्रिकेट प्रतियोगिता को सफल बनाने का संकल्प लिया गया 2026 के 10 जनवरी से स्थानीय कल्याण क्लब मैदान में क्रिकेट प्रतियोगिता प्रारंभ होगा व उसका रंगारंग समापन 26 जनवरी को अंतिम मैच के साथ होगा।

## संक्षिप्त समाचार

# निधन - प्रहलाद तनवानी



**भाटापारा।** महासती वार्ड निवासी सिंधी समाज के वरिष्ठ सदस्य प्रहलाद तनवानी का निधन हो गया उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए ।

# संगीतमय सुंदरकांड पाठ समिति के 25वें स्थापना दिवस पर विविध कार्यक्रम का आयोजन

**भाटापारा।** संगीतमय सुंदरकांड पाठ समिति भाटापारा शहर द्वारा आगामी 21 दिसंबर दिन रविवार को प्रात: 8 बजे से 108 हनुमान चालिसा पाठ का आयोजन अखण्ड राम नाम सप्ताह मंडप स्थल पर किया गया है उक्त कार्यक्रम में सुबह 8 बजे से 10 बजे तक संगीतमय सुंदरकांड पाठ समिति व आदर्श रामलीला नाटक मंडली समिति द्वारा पाठ किया जायेगा। सुबह 10 से 11 बजे तक बिन्दु सत्संग मंडल का कार्यक्रम एवं धर्मसंग पीठ परिषद आदित्य वाहिनी ,आनंद वाहिनी द्वारा पाठ प्रस्तुत किया जायेगा । सुबह 11 से 2 बजे तक पेम प्रकाश मंडल का कार्यक्रम होगा दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक बाबा गरीब दास सत्संग मंडल एवं गोदड़ी धाम सेवा मंडल का कार्यक्रम होगा । दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक वीणा साहू एवं 2 से 3 बजे तक किरण जोशी का कार्यक्रम होगा ।3 से 4 बजे तक शीतला माता महिला मंडल द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया जायेगा । 4 से 5 बजे तक बड़े हनुमान मंदिर महिला मंडल का कार्यक्रम होगा । 5 से 6 बजे तक शनिवार हनुमान चालिसा पाठ समिति द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया जायेगा व शाम 6 से 7 बजे तक पंचमुखी हनुमान सुंदरकांड समिति द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया जायेगा उपरोक्त कार्यक्रम संगीतमय सुंदरकांड पाठ समिति के 25वें स्थापना दिवस पर आयोजित किया गया है ।

# ठंड के चलते स्कूल के समय में परिवर्तन

भाटापारा। वर्तमान समय में पड़ रहे अत्यधिक ठंड एवं शीत लहर के कारण स्कूली छात्र - छात्राओं के पालकों के अनुरोध को ध्यान में रखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने शहर व ग्रामीण क्षेत्र में संचालित होने वाले समस्त शासकीय अनुदान प्राप्त विद्यालय के संचालन समय में परिवर्तन किया है जिसके तहत दो पाली में संचालित होने वाली स्कूलो में प्रथम पाली सोमवार से शुक्रवार तक प्रात- 8 बजे से 11.30 बजे तक तथा शनिवार को 11.45 बजे से 4.30 बजे तक लगेगा वही द्वितिय पाली में सोमवार से शुक्रवार तक दोपहर 11.45 से 4.30 बजे तक स्कूल में अध्ययन का क्रम जारी रहेगा वही शनिवार को प्रात- 8 बजे से 11.30 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है एक पाली में संचालित होने वाली शालाओं में सोमवार से शुक्रवार तक 10 बजे से 4 बजे तक स्कूल का संचालन होगा वही शनिवार को प्रात- 8 बजे से 11.30 बजे तक स्कूल में कक्षाएं लगेंगी । आदेश में स्पष्ट किया गया है कि परीक्षाएं समय सारणी के अनुसार संचालित होगी ।

# घासीदास जयंती पर शिवरतन शर्मा ने शोभा यात्रा का स्वागत किया

ब्यूरोचीफ संतोष साहू




**भाटापारा।** नगर में गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर प्रगतिशील सतनामी समाज द्वारा निकाली गई शोभायात्रा का वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा , पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा एवं अन्य भाजपा नेताओं ने स्वागत किया । शोभायात्रा में जैतखाम और बाबा घासीदास के छाया चित्र रथ पर शिवरतन शर्मा ने फूल नारियल चढ़ाकर आशीर्वाद लिया। उक्त अवसर पर शिवरतन शर्मा , अश्वनी शर्मा ने समाज प्रमुखों युवाओं बड़े बुजुर्गों, माता बहनों सभी से मुलाकात कर गुरु घासीदास जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान शिवरतन शर्मा ने कहा कि गुरु घासीदास के विचार आज सबसे अधिक प्रासंगिक हैं। उनके गुरु मंत्र मनखे मनखे एक समान समाज में हर मनुष्य की समानता का संदेश देता है। बाबा गुरु घासीदास ने समाज को खुशहाल बनाने का मार्ग हमें दिखलाया है। बाबा किसी एक समाज नही अपितु सर्वजनों के सुख की कामना करते थे।

उन्होंने सामाजिक बुराईयों से दूर रहकर कैसे समाज और परिवार मे खुशहाली लाई जा सकती है इसका ज्ञान हमें दिया है। आज आवश्यकता है कि बाबा के बताए रास्ते पर आगे बढ़े ताकि हमारे परिवार व समाज मे सुख,समृद्धि और शान्ति बनी रहे। अश्वनी शर्मा ने कहा की समाज में व्याप्त असमानता और ज़ेदभाव के विरुद्ध मनखे-मनखे एक समान का अमर संदेश देने वाले सतनाम पंथ के प्रवर्तक बाबा गुरू घासीदास सदैव पूज्यनीय हैं मानव कल्याण, समानता और सामाजिक न्याय की दिशा में बाबा गुरू घासीदास के विचार सामाजिक समरसता की ज्योति बनकर सदैव हमें मार्गदर्शन देते रहेंगे। उपरोक्त मौके पर राकेश तिवारी, आशीष जायसवाल , राजा कामनानी, नंद किशोर अग्रवाल, श्रीकांत जायसवाल, उमा शंकर वर्मा, मनीष मिश्रा, भुवन ठाकुर, बब्बू मंधान, सुरेश मंधान ,मोंटू ध्रुव, सतीश साहू, नंदकिशोर वैष्णव,सलीम खान, मनिन्दर गुम्बर, हारून, सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्तागण, सभापति, जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# शिवरतन शर्मा ने देवांगन समाज के भवन का लोकार्पण किया



ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** शहर सीमा अंतर्गत भाटापारा देवागंन समाज के भवन एवं शेड निर्माण का लोकार्पण वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा ने किया उक्त अवसर पर उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि देवागंन समाज का यह भवन समाज की एकता संस्कृति एवं सामाजिक परंपराओं को सशक्त करने वाला एक मजबुत केन्द्र बनेगा उक्त अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने देवागंन समाज को उच्च विचार व मेहनत कश लोगो का समाज बताते हुए सामाजिक कुरितियों एवं बुराईयो को दुर करते हुए समाज को उच्च स्तर पर ले जाने का आव्हान किया उन्होनें देवागंन समाज के लोगो की कार्यशैली व कार्य क्षमता की प्रशंसा करते हुए नये भवन में आपसी सौहाद्र के साथ नित्य नये विचारो का आदान - प्रदान करते हुए समाज को मजबुत बनाने पर जोर दिया उक्त अवसर पर खेमलाल देवागंन , बदरीप्रसाद देवागंन , सुरेश कुणाल देवागंन , बसंत देवागंन , शैलेन्द्र देवागंन , कुशाल देवागंन , खुशी देवागंन सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु महिला , पुरूष उपस्थित थे।

# गुरू घासीदास जयंती पर भाटापारा में लंबी शोभा यात्रा निकली



ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** शहर में गुरू घासीदास के 269वी जयंती पर विशाल शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें लगभग 3 हजार से अधिक महिला पुरूष व अन्य लोगो ने भाग लिया इसके पहले दोपहर को मिनिमाता भवन से विधि विधान से पुजा अर्चना के पश्चात शोभा यात्रा निकली जो शहर के भगत सिंह वार्ड , महासती चौक , जैन मंदिर , पंचायती मंदिर , गोविंद चौक , सदर बाजार , राम सप्ताह चौंक , जय स्तंभ चौंक होते हुए कांग्रेस भवन के पास फव्वौरा चौंक पहुंची जहां पर कांग्रेस विधायक इन्द्र साव व अन्य लोगो ने उक्त शोभा यात्रा का अभिनंदन किया इसी तरह शहर में जगह - जगह लोगो ने शोभा यात्रा में शामिल लोगो का स्वागत किया उक्त शोभा यात्रा लगभग 2 किलोमीटर लंबी थी जिसमे गुरू घासीदास के अनुयायी बड़ी तादाद में शामिल हुए । शोभा यात्रा के दौरान नयनाभिराम झांकी व गुरू घासीदास के चित्र से सजी वाहनो में आकर्षक साज सज्जा की गई थी । लाये गये ढोल , धुमाल व डीजे के शोर के बीच शोभा यात्रा में शामिल लोग थिरकने के लिए मजबुर हो गए । शोभा यात्रा की भीड़ का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि दोपहर को प्रारंभ शोभा यात्रा शाम 6.45 बजे तक केवल फव्वौरा चौंक तक का सफर तय कर सकी थी शोभा यात्रा में पूर्व पालिका अध्यक्ष ओमप्रकार रात्रे , डॉ गजेन्द्र महिलांग , सिरिज जांगड़े , भुलुराम कुर्रे , देवनारायण बांधे ,संतराम कुर्रे , टेकराम मिरी सहित अन्य प्रमुख लोग व बड़ी संख्या में सतनामी समाज के महिला ,पुरूष , युवक , युवतीयां शामिल थे।

### भाटापारा क्षेत्र में किसान दर- दर ठोकर खाने को मजबूर

# सोसायटी के बाद मंडी के नये नियम कानून से किसान हुए हलाकान

## ऐसी अव्यवस्था किसानों ने पहली बार देखी

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** क्षेत्र के किसान इन दिनो धान खरीदी नीति में अनेक विसंगतियों के कारण मायुस होकर दर - दर भटकने को मजबुर है टोकन नही मिलने पंजीयन में परेशानी व विभिन्न सोसायटीयों में धान बिक्री कार्य में देरी सहित काटा तौलाई , भाराई व नमी मापक यंत्र से किसानो को सुनियोजित ढंग से प्रताड़ित करने का क्रम अनवरत जारी है वही किसान प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की सीमा निर्धारण से बंपर फसल उत्पादन के बाद से अपनी उपज को बेचने परेशान है भाटापारा कृषि उपज मंडी में आने वाले किसानों को ऋण पुस्तिका दिखाने , आधार कार्ड लाने जैसे नये नियम बताकर प्रताड़ित किया जा रहा है। फलस्वरूप सोसायटी में अव्यवस्था के चलते भाटापारा मंडी आने वाले किसान भी अब दर - दर की ठोकरे खाने मजबुर हो रहे है मंडी में चालु नई व्यवस्था से किसान अपनी उपज नही बेच पा रहे है व अनावश्यक रूप से भटकने के लिए मजबुर हो रहे है। इस बीच सोमवार को भाटापारा मंडी में नये नियम का हवाला देकर धान बेचने आये किसानों को प्रताड़ित किये जाने से किसान नाराज है। अव्यवस्था से परेशान किसान सुरीत राम साहू का कहना है कि उसके पास ग्रीष्म कालिन धान का एक बड़ा स्टॉक बचा था उसे अब बेचने में उसके आगे नियम कानुन आड़े आ रहा है वही एक अन्य किसान अमरूदास का कहना है कि वे अधिया रेगहा कुता के माध्यम से खेती करते आ रहा है जहा अब उसे अपनी उपज बेचने जगह जगह भटकना पड़ रहा है सोसायटी के विभिन्न नियम कानुन व कायदे के बाद भाटापारा मंडी में चालु नई व्यवस्था से किसान अपनी उपज नही बेच पा रहे है व दर दर भटकने मजबुर है अव्यवस्था से नाराज किसान प्रमोद कुमार कैवर्त का कहना है कि लगता है कि धान उपजाना से ज्यादा मेहनत धान बेचने में किसानों को हो रहा है ऐसी अव्यवस्था इसके पहले वे नही देख पाये थे । खासकर भाजपा सरकार आने के बाद किसान हर तरफ से प्रताड़ित हो रहा है कभी उसे सोसायटी में प्रताड़ित किया जा रहा है तो अब सदाबहार मंडी भाटापारा में भी नये नियम कानुन बताकर किसानों को दर - दर भटकने विवश किया जा रहा है ऐसी सुरत में क्या खेती किसानी करना गुनाह हो गया है । धान के कटोरा को भरने वाले किसानों के साथ शासन शीघ्र न्याय करे व सभी नये नियम कानुन को हटाकर ऐसी व्यवस्था लागु करे कि किसान सहज सरल रूप से अपना धान बेच सके।




# नि: शुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला एवं जन जागरूकता शिविर संपन्न

ब्यूरो चीफ संतोष साहू द्वारा








**बलौदाबाजार।** संचालक आयुष विभाग रायपुरऔर जिला आयुष अधिकारी बलौदा बाजार के कुशल मार्गदर्शन में दिनांक 17 /12/2025 को सिमगा विकास खंड के द्वितीय विकास खंड स्तरीय नि:शुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला और जनजाग रुकता शिविर का आयोजन बाजार चौक ग्राम नयापारा में किया गया।शिविर का शुभारंभ सिमगा जनपद अध्यक्ष श्री दौलत पाल जी एवं नयापारा सरपंच श्री डोमार मार्कण्डेय जी एवं पूर्व सरपंच श्री भुनेश्वर वर्मा जी के द्वारा भगवान धन्वंतरि के पूजन के साथ किया गया। 471 लोगों ने स्वास्थ्य शिविर में आयुर्वेद चिकित्सा का लाभ लिया।140 लोगों का शुगर एवं बी पी जांच किया गया। 100 लोगों का नेत्र जांच किया गया।56 लोगों का दंत जांच किया गया। 145लोगों ने होम्योपैथी चिकित्सा का लाभ लिया। इस प्रकार कुल हितग्राही संख्या 772 रही। शिविर में रोग प्रतिरोधक क्षमता वर्धक काढ़ा वितरण किया गया तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने हेतु उपाय ,मधुमेह और उच्च रक्तचाप संबंधित घरेलू एवं आयुर्वेदिक उपचार संबंधी पम्पलेट वितरण किया गया।




शिविर में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ नम्रता सिंघानिया हथबंद,डॉ सुरेश मेहता खमरिया,डॉ अनिता दामाखेड़ा, डॉ ऋतु रानी वर्मा रावन, डॉ प्राची चंद्रा हथबंद, होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी डॉ श्रीकांत साहू अर्जुनी,दंत चिकित्सक डॉ सोनम वर्मा,नेत्र चिकित्सा सहायक गायत्री वर्मा, लैब तकनीशियन नरेंद्र वर्मा ,फार्मासिस्ट गोविन्द पैकरा हथबंद,बद्री शाह गुर्रा,विनोद कंवर मौपका,रामगोपाल वर्मा रावन, कुसुम रजवाड़े दामाखेड़ा,घनश्याम गायकवाड़ हथबंद सहित नयापारा उपस्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ और मितानिनों ने सेवा प्रदान की।ग्राम पंचायत नयापारा सचिव अमित कुमार वर्मा, रोजगार सहायक करण निषाद, सांसद प्रतिनिधि धनेश देवांगन एवं अन्य जन प्रतिनिधियों ने शिविर के सफल आयोजन में सहयोग दिया।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : नारायण भूषणिया द्वारा डीबी कार्प लिमिटेड प्लाट नंबर-40/44 इंडस्ट्रीयल एरिया बीरगांव उरला रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कराकर एच.डी.डी./49, फेस-2 मेन रोड, कबीर नगर रायपुर से प्रकाशित, संपादक-नारायण भूषणिया मो.नं. 09300491602, RNI पंजीयन क्रमांक: CHHHIN/2010/34778, Email ID- krantirath.cg@gmail.com, / web- www.krantirath.com